

दैनिक

करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। सोमवार 17 जून -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 248 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

अमित शाह ने बनाया कश्मीर के लिए सॉलिड प्लान बोले- आतंकियों पर कार्रवाई के लिए सरकार कटिबद्ध

नई दिल्ली/श्रीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को जम्मू-कश्मीर पर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इसमें अमरनाथ की आगामी वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था और 'हाल के आतंकवादी हमलों के मद्देनजर जम्मू क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति' की समीक्षा की गई। गृह मंत्री अमित शाह ने एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इनोवेटिव तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर एक मिसाल बनाने के लिए मोदी सरकार कटिबद्ध है।

जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

गृह मंत्री ने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया। अमित शाह ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय पर जोर देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और उनकी सुरक्षा पर ध्यान देने के निर्देश दिए। नई दिल्ली में हुई इस बैठक में केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही अमरनाथ यात्रा के लिए पूर्ण सुरक्षा कवर, यात्रा मार्गों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था, राजमार्गों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने, जम्मू-कश्मीर में सभी तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर चौकसी बरतने का भी आह्वान किया गया। गृह मंत्री की अध्यक्षता में बुलाई गई इस बैठक में एनएसए अजीत डोभाल, एलजी मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, ले। जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सीएस डुलू, डीजीपी स्वैन, एडीजीपी विजय कुमार और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में शामिल हुए वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी : सूत्रों के अनुसार शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्र शासित प्रदेश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को 'जम्मू क्षेत्र में उभरते आतंकवाद को करारा जवाब देने और किसी भी कीमत पर इसे फिर से पनपने से रोकने' का निर्देश दिया।

साथ ही यात्रा के लिए पूर्ण सुरक्षा कवर पर भी जोर दिया। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, आईबी निदेशक तपन डेका, सीआरपीएफ के डीजी अनीश दयाल सिंह शामिल हुए। मीटिंग में जम्मू-कश्मीर से एलजी मनोज सिन्हा, मुख्य सचिव अटल डुलू, डीजीपी आरआर स्वैन, एडीजीपी विजय कुमार, जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और खुफिया अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी मौजूद थे।

'आतंकवाद का समर्थन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो' : सूत्रों के अनुसार गृह मंत्री शाह ने हाल ही में आतंकवादी हमलों में हुई वृद्धि के मद्देनजर जम्मू क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर विस्तृत जानकारी भी ली है। गृह मंत्री को जम्मू में मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को जम्मू में सक्रिय आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गाजियाबाद में 15841 ने छोड़ी यूपीएससी की परीक्षा नकलविहीन परीक्षा के लिए केंद्रों पर लगाए गए थे जैमर

गाजियाबाद, करंट क्राइम : रविवार को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रस्तावित सिविल सर्विसेज की प्री परीक्षा 2024 दो पालियों में शांतिपूर्वक व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। रविवार को पहली शिफ्ट सुबह 9:30 से 11:30 तक और दूसरी शिफ्ट 2:30 से 4:30 बजे तक रही। गाजियाबाद में कुल 50 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया। जिसमें तीन राजकीय, 17 अशासकीय सहायता प्राप्त, 30 स्वघोषित विद्यालय शामिल रहे। परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए तीन ऑब्जर्वर, 9 जोनल मजिस्ट्रेट और 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ही सशस्त्र आरक्षी प्रत्येक केंद्र पर एक-एक एलआईओ के रूप में 50 अधिकारी सहित अन्य की तैनाती की गई थी। गाजियाबाद में जहां सुबह की पाली में कुल 15172 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। तो दूसरी पारी में यह संख्या 15067 रही जबकि दोनों पाली को मिलाकर कुल 15841 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

ऑब्जर्वर सेल्वा कुमारी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

करंट क्राइम : यूपीएससी की परीक्षा को शांतिपूर्वक और बिना किसी व्यवधान के संपन्न कराने के लिए ऑब्जर्वर सेल्वा कुमारी जे ने द्वितीय पाली में नगर पालिका इंटर कॉलेज, नगर पालिका इंटर कॉलेज ब्लॉक बी, सेट लाल इंटर कॉलेज के साथ ही ज्ञानांजलि इंटरनेशनल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

सुरक्षा के रहे पूरे प्रबंध

करंट क्राइम : सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक यूपीएससी परीक्षा केंद्र पर एक सब इंस्पेक्टर, दो हेड कांस्टेबल, दो महिला कांस्टेबल तैनात किए गए थे, जो फिस्किंग का कार्य भी देख रहे थे। इसके साथ ही परीक्षा पूरी होने के बाद व्यवस्थापकों द्वारा परीक्षा केंद्र से पोस्ट ऑफिस नवयुग मार्केट तक उत्तर पुस्तिका पहुंचने के लिए भी सुरक्षा के लिहाज से चीता मोबाइल को तैनात किया गया। वहीं परीक्षा हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद के कार्यालय को जनपदीय कंट्रोल रूम के रूप में स्थापित किया गया।

गर्मी को देखते हुए लगाई गई थी 18 मेडिकल एम्बुलेंस

करंट क्राइम : यूपीएससी की परीक्षा रविवार को थी और गर्मी बेहद भीषण होने की वजह से प्रशासन की ओर से भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कुल 18 एंबुलेंस और मेडिकल टीम की व्यवस्था कराई गई थी। इसके अतिरिक्त समस्त सीएचसी-पीएचसी को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए थे।

ऋषिकेश एम्स पहुंचे सीएम योगी, अपनी मां व रुद्रप्रयाग हादसे के घायलों का जाना हाल

ऋषिकेश। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश एम्स पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले अपनी मां से मिलकर उनका हाल जाना और डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने रुद्रप्रयाग हादसे में घायल हुए लोगों से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा।

सीएम योगी ने एम्स के चिकित्सकों को रुद्रप्रयाग हादसे के सभी घायलों का उचित उपचार करने के निर्देश दिए। दरअसल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को कुछ दिन पहले आंखों में परेशानी हुई थी, इसके बाद उन्हें जांच के लिए ऋषिकेश एम्स लाया गया था। यहां डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती किया और संबंधित टेस्ट किए। सीएम योगी आदित्यनाथ की मां के भर्ती होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने एम्स पहुंचकर उनसे मुलाकात की थी। इसके बाद रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम योगी आदित्यनाथ की मां का हाल जाना और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि शनिवार को उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे में 14 लोगों के मारे जाने और 12 लोगों के घायल होने की खबर है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय और राहत आयुक्त कार्यालय को रुद्रप्रयाग प्रशासन से संपर्क कर घायलों के समुचित उपचार और आवश्यक सुरक्षा सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए थे। बता दें इस हादसे में जान गंवाने वाले पांच लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। गुरुग्राम से एक बस तुंगनाथ जा रही थी। इसमें 26 लोग सवार थे। शनिवार को रुद्रप्रयाग मुख्यालय के समीप रैतोली के पास बस हाईवे से करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इसके चलते 10 लोगों की मौके पर और चार की बाद में मौत हो गई थी।

बकरीद की पूर्व संध्या पर कमिश्नरेट पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, संवेदनशील इलाकों और चौराहों पर नजर आई फोर्स

गाजियाबाद, करंट क्राइम : सोमवार को बकरीद का त्यौहार है और बकरीद के त्यौहार के मद्देनजर रविवार की देर शाम पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में देहात, ट्रांस हिंडन और सिटी जोन के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस के वाहनों के जरिए भी पेट्रोलिंग की गई।

इस दौरान सायरन बजाते हुए पुलिस की गाड़ियों ने शांतिपूर्वक बकरीद का त्यौहार संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने जानकारी दी कि तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह सुबह की नमाज के समय फील्ड पर मौजूद रहेंगे। वहीं थाना और चौकी पुलिस भी हर गतिविधियों पर ध्यान रखने का काम करेंगी। कहीं पर भी सड़क पर नमाज ना पढ़ी जाए और कुबार्नी को कुर्बानी के लिए स्थान पर ही कराई जाए।

कहीं पर भी सड़क पर नमाज ना पढ़ी जाए और कुर्बानी तय स्थान पर ही कराई जाए

थाना चौकी की फोर्स रहेगी मस्जिदों पर मुस्तैद

करंट क्राइम : सोमवार को बकरीद का त्यौहार है। बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न करना है। इसके लिए बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर प्रदेश के सभी प्रमुख पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया था। साथ ही कहीं पर भी नमाज सड़क पर ना पड़े जाने को लेकर भी उन्होंने फोकस किया था। इसके साथ ही कहीं पर भी किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसका भी आदेश उनके द्वारा दिया गया था। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाली सभी बड़ी और छोटी मस्जिदें जहां नमाज पढ़ी जाएगी, वहां पर थाना और चौकी की पुलिस को ड्यूटी पर लगाया गया है।

स्टंट करने और नियम तोड़ने वाले जाएंगे जेल

करंट क्राइम : बकरीद पर सड़कों पर वाहनों पर कोई हुडदंग ना करें और स्टंट ना हो इसको लेकर भी पुलिस के अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है।

वहीं यातायात पुलिस को भी कहा गया है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

रालोद वाले चाहते हैं गठबंधन में मिले शहर वाली सीट

इन्द्रजीत टीटू का दावा अगर मिला मौका तो रालोद के खाते में आयेगी जीत

गाजियाबाद, करंट क्राइम। शहर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भले ही चुनाव आयोग ने अभी तिथि तय नहीं की है लेकिन चुनाव को विधि विधान से लड़ने के लिए चुनाव के खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। इस बार उपचुनाव में सबकी निगाहें गठबंधन वाली दोस्ती पर है। सब ये वॉच कर रहे हैं कि चुनावी दोस्ती लोकसभा तक कायम थी या फिर उपचुनाव में भी एक दूसरे का साथ दिया जायेगा। रालोद वाले भाजपा के साथ रहेंगे और सपा वाले कांग्रेस के साथ रहेंगे।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव में दो सीटें रालोद के लिए छोड़ी थी और दोनों सीटों पर रालोद ने विजय हासिल की। अब जब उपचुनाव है तो ये भी रोचक रहेगा कि क्या भाजपा सियासी दोस्ती को निभाते हुए शहर वाली सीट रालोद के लिए छोड़ देगी। भाजपा ने बागपत सीट अपनी सिटिंग सीट रालोद को दी तो शहर वाली सीट में उपचुनाव है तो ऐसे में भाजपा क्या यहां रालोद के लिए कोई मौका देगी। बहरहाल इन सब संभावनाओं के बीच करंट क्राइम ने चुनावी ताल ठोक रहे और पंजाबी तथा सिख समाज के बड़े सियासी चेहरे इन्द्रजीत सिंह टीटू से बात की। चुनावी संभावनाओं और चुनावी दावेदारी को लेकर सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि मैंने एक पत्र अपनी पार्टी के मुखिया जयंत चौधरी को देने के लिए तैयार किया है। मैं उनसे मुलाकात कर ये अनुरोध करूंगा कि वह शहर सीट को उपचुनाव में रालोद के लिए यदि मांग लेते हैं तो यहां रालोद का खाता खुलेगा। इन्द्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि मैं चुनावी दावेदारी में हूं लेकिन उससे पहले मैं अपनी पार्टी के प्रोटोकॉल में हूं।यदि यह सीट रालोद को गठबंधन में मिलती है तो मेरी दावेदारी रहेगी। मैं इस बात का भरोसा अपनी पार्टी के मुखिया को दिलाता हूं कि यदि रालोद मुझे उपचुनाव में उम्मीदवार बनाता है तो यहां मैं निश्चित रूप से जीत हासिल कर रालोद के लिए उसके खाते में जीत हासिल करूंगा। अभी से कुछ कहना जल्दबाजी है लेकिन मेरी दावेदारी मेरी पार्टी के मुखिया जयंत चौधरी के निर्देश पर है।

यदि पार्टी चाहे तो करा ले शहर विधानसभा में सर्वे

करंट क्राइम। रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि उन्होंने 30 साल से समर्पित जनसेवा की है। उनका पूरा सियासी कैरियर लोगों की मदद में रहा है और आज तक उनके ऊपर 151 का भी मुकदमा दर्ज नहीं है। कभी किसी से कोई राजनीतिक विवाद नहीं रहा है। मैं जनता के बीच रहता हूं और ईजी टू रीच, ईजी टू एप्रोच वाला नेता हूं। यदि पार्टी चाहे तो इस सीट पर सर्वे करा सकती है। मेरा दावा है कि यदि मुझे उम्मीदवार बनाया जाता है तो मैं ऐसा सरदार उम्मीदवार होऊंगा जो पश्चिमी उत्तरप्रदेश में उपचुनाव में रालोद के खाते में जीत दर्ज करायेगा।

क्या मंगल को मिल रहे हैं संकेत लखनऊ में सियासी दंगल के

सुलग रही है कुछ तो आग उबल रहा है कुछ तो लावा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। क्रान्तिकारी विधानसभा के विधायक इन दिनों क्रान्तिकारी अंदाज में हैं। वो लगातार जिले के एक बड़े पुलिस अधिकारी को टारगेट पर ले रहे हैं। कई गंभीर आरोप लगा चुके हैं और इसी बीच घटना क्रम में एक मोड ये आया है कि एक विधायक के खिलाफ महानगर कार्यालय पर नारे लगे और दूसरे विधायक के घर पर उसी पक्ष के लोगों ने पहुंचकर अपनी बात कही। बहरहाल क्या चल रहा है और क्या नहीं चल रहा है इन सबके बीच खबर जो लखनऊ से आ रही है वो ये है कि गर्मी के इस मौसम में मंगल को लखनऊ में सियासी दंगल का प्लान तय होगा।

हालांकि खबर को लेकर पुष्टि नहीं है लेकिन जिस तरह से सियासी गलियारों में शांति छाई है उसे तूफान से पहले की खामोशी बताया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि लखनऊ में मंगल को योजना बनेगी।

किसी विधायक के आवास पर बैठकर पहले विधायक अपनी बात रखेंगे और आगे का प्लान तय होगा। सूत्रों की माने तो पश्चिम क्षेत्र के आठ से दस विधायक भी अपनी अनदेखी से नाराज हैं और वो भी अब क्रान्तिकारी तरीके से अपनी आवाज को बुलंद करना चाहते हैं। बताने वाले यही बता रहे हैं कि हिस्ट्री रिपीट इटसैल्फ और वो अतीत के झरोखों से ये याद दिला रहे हैं कि पहले भी मोर्चा खुला है और यदि मामला समाधान की ओर नहीं बढ़ा तो फिर सीन घमासान की ओर बढ़ेगा। इस घमासान में कौन सा यौद्धा कौन सी साइड से आयेगा ये भी जल्द ही पता चल जायेगा। लेकिन इतना जरूर है कि सियासत के आसमान में कुछ तो बादल छा गये हैं और ये खामोशी तूफान से पहले की बतायी जाती है।

संसद परिसर में बना प्रेरणास्थल हर भारतीय के लिए तीर्थ स्थल से कम नहीं : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली। संसद परिसर में रविवार शाम प्रेरणास्थल का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, अर्जुन राम मेघवाल, एल. मुरुगन व केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रेरणास्थल पर भारतीय महापुरुषों, क्रांतिकारी, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण करने वाले महापुरुषों की प्रतिमा को सम्मानपूर्वक तरीके से स्थापित किया गया है। इनमें महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय, बिरसा मुंडा, डॉ. भीमराव अंबेडकर, महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज समेत कई महापुरुषों की प्रतिमाएं शामिल हैं। जिन लोगों ने भारत की

आजादी के लिए बलिदान दिया, इतिहास में भारत का गौरव बढ़ाया, यह प्रेरणास्थल ऐसे लोगों के बारे में लोगों को जानकारी देगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार शाम प्रेरणास्थल का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व केंद्रीय मंत्रियों ने महात्मा गांधी व लाला लाजपत राय की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रेरणास्थल के लिए परिसर का सर्वश्रेष्ठ स्थान निश्चित किया गया है। यह ऐसा स्थान है, जो हर भारतीय के लिए किसी तीर्थ स्थल से कम नहीं है। प्रेरणास्थल के बारे में सुना, सोचा, लेकिन यह जमीनी हकीकत पर इस शानदार तरीके से होगा, यह सोचकर मैं बहुत प्रभावित हूं। जो भी व्यक्ति यहां कुछ भी पल बिताएगा, वह प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेगा। अंदाजा लगाइए भारत के इतिहास में महापुरुषों का क्या योगदान है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आजादी के कितने वर्ष बाद डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न मिला, मुझे गौरव प्राप्त है कि उस समय मैं केंद्रीय मंत्री परिषद का सदस्य था। हमारे महापुरुषों की हम जितनी कद्र करें, वह कम है। उनके जीवन का यह वह पल है, जिनकी उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी। संसद में लगी सभी महापुरुषों व क्रांतिकारियों की प्रतिमाएं एक स्थान पर सुसज्जित की गई हैं।

फादर्स डे पर एमपी के सीएम ने पिता से मांगे 500 रुपए

उज्जैन। मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में एक भावुक क्षण देखने को मिला जब राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने पिता के पास पहुंचे और उनसे पांच सौ रुपए मांगे। दुनिया में आज फादर्स डे मनाया जा रहा है। इस मौके पर हर कोई अपने पिता को अपने तरीके से याद कर रहा है और उनका सम्मान करने में लगा है। इस मौके पर उज्जैन में भी एक भावुक करने वाला नजारा देखने को मिला। मोहन यादव अपने पिता मूलचंद यादव के पास पहुंचे और उनसे बात की। इतना ही नहीं, उनसे 500 रुपए भी मांग लिए। मुख्यमंत्री ने जब अपने पिता से पैसे मांगे तो उन्होंने जेब में रखी 500 रुपए की गड्डी निकाल कर उनके हाथ में थमा दी। इसमें से मुख्यमंत्री ने एक नोट निकला और बाकी अपने पिता को लौटा दिए।

दिल्ली में पानी की पाइपलाइन काटने की हो रही साजिश

आतिशी ने पुलिस कमिश्नर को लिखा पत्र

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में पानी किल्लत को लेकर सियासत तेज हो गई है। इस बीच दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय राजधानी में पाइपलाइन काटने की साजिश हो रही है। आतिशी ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने मुख्य वाटर पाइपलाइन को सुरक्षा देने का आग्रह किया है। पत्र में उन्होंने कहा है कि दिल्ली भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रही है। यमुना में पानी की कमी के कारण जल उत्पादन में लगभग 70 मिलियन गैलन प्रतिदिन की गिरावट आई है। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में पानी की कमी हो रही है। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती हो जाती है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड की पेट्रोलिंग टीम को शनिवार को साउथ दिल्ली राइजिंग मेन

पाइपलाइन में गढ़ी मेंडू ट्रांसफार्मर के पास बड़ी लीकेज मिली। जांच पर पता चला कि 375 एमएम के 5 बोल्ट और 12 इंच का एक बोल्ट किसी ने काटा था। ऐसा लग रहा है कि दिल्ली में पानी की परेशानी बढ़ाने के लिए षड्यंत्र हो रहा है। इस पाइपलाइन रिपेयर करने में दिल्ली जल बोर्ड को छह घंटे लगे। शाम चार बजे से रात 10 बजे तक रिपेयर चला। इस दौरान साउथ दिल्ली की पानी की आपूर्ति बंद करनी पड़ी। इसका नतीजा है कि तकरीबन 25 प्रतिशत कम पानी आज साउथ दिल्ली पहुंचा। उन्होंने सवाल किया, ये कौन लोग हैं जो दिल्ली की पानी की व्यवस्था बिगाड़ने का षड्यंत्र कर रहे हैं? उन्होंने आगे कहा, इस समय कोई भी बेईमानी और तोड़फोड़ दिल्ली के लोगों के सामने पहले से ही मौजूद पानी की कमी को और भी बदतर बना देगी। मैं आपके सहयोग के लिए आपको धन्यवाद देना चाहूंगी।

न्यूज डायरी

नीतीश सरकार ने अपराधियों के सामने घुटने टेके : राजद

पटना। बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर सियासी बयानबाजी जारी है। वहीं, राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि बिहार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि सरकार-शासन में बैठे लोग मस्त हैं, इनका पुलिस प्रशासन-शासन तंत्र पस्त है। ऐसे में यह लोग तेजस्वी यादव पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तेजस्वी यादव बिहार में आपराधिक घटनाओं पर सवाल उठाते हैं, तो सरकार में बैठे लोग मजाक उड़ा रहे हैं। अपराध पर लगाम लगाने के बदले लोग मजाक बना रहे हैं। इससे यही साबित होता है कि इन लोगों ने अपराधियों के सामने घुटने टेक दिए हैं। इन्होंने मान लिया है कि अपराध पर हम लोग लगाम नहीं लगा सकते। राजद नेता तेजस्वी यादव की ओर से कानून व्यवस्था को लेकर दिए गए बयान के बाद बिहार में बवाल मचा हुआ है। हत्या की हालिया घटनाओं को गिनाते हुए तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यादव समुदाय के लोगों की हत्या की जा रही है। उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है। यादव समुदाय के लोगों की हत्या की जा रही है। यह सिर्फ एक जगह नहीं है, बल्कि पूरे बिहार में अपराध कई गुना बढ़ गया है। सरकार ने इसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया है।

प्रेरणास्थल से विदेशी भी जान सकेंगे भारत का लोकतंत्र : लोकसभा अध्यक्ष

नई दिल्ली। प्रेरणास्थल बनने के बाद संसद में लगी सभी महापुरुषों और क्रांतिकारियों की प्रतिमाएं एक स्थान पर होंगी। यहां आगुंतक और पर्यटक उनके जीवन दर्शन के बारे में सुन और पढ़ सकेंगे। इसके लिए संसद के भीतर एक विशेष व्यवस्था की जा रही है। रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रेरणास्थल से भारत के लोगों को तो जानकारी मिलेगी ही, साथ ही विदेशी भी भारत के लोकतंत्र और भारत के बारे में जान सकेंगे। हमारी नई पीढ़ी भी इन महापुरुषों के योगदान से अवगत हो सकेगी। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति रविवार शाम इसका लोकार्पण करेंगे। इससे पहले विपक्ष ने आरोप लगाया था कि संसद में महात्मा गांधी समेत अन्य महापुरुषों की मूर्तियों को उनके स्थान से हटाया जा रहा है। गौरतलब है कि असहमति होने पर कई बार विपक्षी सांसद महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष विरोध-प्रदर्शन करते हैं। रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि संसद में एक प्रेरणास्थल का निर्माण किया जा रहा है, जहां इन प्रतिमाओं का जीवंत दर्शन किया जा सकेगा। संसद भवन के अंदर महापुरुषों, क्रांतिकारियों, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक नवचेतना जगाने वाले महापुरुषों की अलग-अलग समय में अलग-अलग स्थानों पर भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। संसद ने निर्णय किया है कि अब उन प्रतिमाओं को सम्मानपूर्वक तरीके से प्रेरणास्थल पर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यहां भारत के लोकतंत्र की विरासत, संस्कृति व भारत के लोकतंत्र में योगदान देने वालों की जानकारी मिलेगी। यह प्रेरणास्थल वर्तमान व आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरणा देगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह पुन: लोकसभा स्पीकर चुने जाएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि ये नियम के मुताबिक होगा, सरकार तय करेगी। ये राजनीतिक दल तय करते हैं। संसद की सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जहां पहले संसद की सुरक्षा अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की जाती थी। अब संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी एक एजेंसी पर है। संसद की सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है।

चुनाव चिन्ह 'छड़ी' के कारण मिली हार : ओम प्रकाश राजभर

लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर का मानना है कि उनकी पार्टी हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में चुनाव चिन्ह 'छड़ी' के कारण हारी। राजभर ने कहा, हमारा चुनाव चिन्ह 'छड़ी' ईवीएम में तीसरे नंबर पर था। मूल निवासी समाज पार्टी का चुनाव चिन्ह 'हॉकी स्टिक' था और ईवीएम पर छठे नंबर पर था। हमारे मतदाता 'छड़ी' और 'हॉकी स्टिक' के बीच भ्रमित हो गए, यह दोनों एक जैसे दिखते हैं। यह बताता है कि मूल निवासी समाज पार्टी की उम्मीदवार लीलावती राजभर को 47 हजार से ज्यादा वोट कैसे मिले। ओपी राजभर ने कहा, मेरी पार्टी अब चुनाव आयोग से संपर्क करेगी और उनसे आग्रह करेगी कि वे उम्मीदवारों को समान दिखने वाले चुनाव चिह्न आवंटित न करे। इससे मतदाताओं के मन में भ्रम पैदा होता है। मैं पार्टी कार्यकर्ताओं से बात कर रहा हूं कि क्या वे हमारे चुनाव चिह्न में बदलाव चाहते हैं? इसी बीच, उत्तर प्रदेश के मंत्री और भाजपा नेता अनिल राजभर ने कहा कि घोसी में अरविंद राजभर को जो भी वोट मिले हैं, वे भाजपा के हैं। उन्होंने कहा, एसबीएसपी को न तो घोसी और न ही अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में राजभर वोट मिले। ओम प्रकाश राजभर का बयान उनकी निराशा को दशार्ता है।

कपूरथला में ट्रैक्टर रेस के दौरान बड़ा हादसा, कई लोग घायल

कपूरथला। पंजाब के कपूरथला जिले के फगवाड़ा में रविवार को गैरकानूनी तरीके से आयोजित ट्रैक्टर रेस के दौरान खतरनाक हादसा हुआ। इस हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस खौफनाक मंजर की वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार घटना फगवाड़ा के डुमेली गांव की है, जहां ट्रैक्टर रेस का आयोजन किया गया था। रेस के दौरान दो में से एक ट्रैक्टर का संतुलन ऐसा बिगड़ा की ट्रैक्टर ने साइड पर खड़े लोगों को रौंद डाला। इस हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस घटना के बाद फगवाड़ा प्रशासन पर भी कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। हर किसी के जहन में यह सवाल है कि आखिरकार इस खतरनाक मौत के खेल पर लगी पाबंदी के बाद भी आयोजन की परमिशन किसने और क्यों दी। सवाल यह भी है कि अगर प्रशासन ने इसकी परमिशन नहीं दी तो प्रशासन की नाक तले इतना खतरनाक आयोजन कैसे हुआ। घायल गुरप्रीत सिंह ने बताया कि रेस में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर उनकी तरफ आ गया और 5 से 10 लोगों को कुचल दिया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

इमारत ढहने के मामले में आरोपपत्र में प्रमोटर समेत छह के नाम

कोलकाता। कोलकाता के दक्षिणी बाहरी गार्डन रीच इलाके में 17 मार्च को एक निमार्णाधीन पांच मंजिला इमारत ढहने से संबंधित मामले में पुलिस ने आरोपपत्र में छह लोगों को मुख्य आरोपी बनाया है। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई थी। कोलकाता की एक निचली अदालत में शनिवार को दायर आरोपपत्र में नामित छह लोगों में से एक इमारत का प्रमोटर मोहम्मद वसीम है। राज्य पुलिस के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि 730 पन्नों के आरोपपत्र में आईपीसी के तहत हत्या, हत्या का प्रयास, आपराधिक साजिश और अन्य संज्ञेय अपराधों की कई धाराएं शामिल की गई हैं। इस दुर्घटना के बाद कुछ रियल एस्टेट प्रमोटरों और कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के भवन अनुभाग के उच्च अधिकारियों की संलिप्तता से गार्डन रीच इलाके में अवैध निर्माण की बात सामने आई थी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को दुर्घटना पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इसके बाद केएमसी अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू की। केएमसी की जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर निगम के भवन विभाग से जुड़े तीन सिविल इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया। चार्जशीट में कुल 170 गवाहों के नाम दर्ज किए गए हैं।

संसद भवन में स्थापित होगा 'प्रेरणा स्थल', भाजपा सांसदों ने जताई खुशी

नई दिल्ली। संसद भवन में देश के महापुरुषों और महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं के लिए 'प्रेरणा स्थल' का निर्माण किया गया है। जिसका उद्घाटन उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ करेंगे। 'प्रेरणा स्थल' में स्वतंत्रता सेनानियों और अन्य नेताओं की सभी मूर्तियां रखी जाएंगी। जिन्हें पहले संसद परिसर में अलग-अलग स्थानों पर रखा गया था। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि संसद परिसर में एक प्रेरणा स्थल स्थापित किया जा रहा है, जिन महान देशभक्तों ने आजादी की लड़ाई में अपने जीवन को कुर्बान किया। उन सभी की जीवनी, मूर्ति, तस्वीर लगाकर आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने के लिए इसका निर्माण किया जा रहा है। यह बहुत प्रशंसनीय कार्य है। भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि मैं विशेष रूप लोकसभा सचिवालय का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने 'प्रेरणा स्थल' का निर्माण

करवाया। लोकसभा में विभिन्न स्थानों पर देश की महान हस्तियों की मूर्ति लगी हुई थी। जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में, देश की संस्कृति में, देश के इतिहास में विशेष योगदान दिया है। लेकिन, वह मूर्तियां अलग-अलग स्थानों पर होने के कारण कोई भी पर्यटक लोकसभा आते हैं तो मूर्तियों को नहीं देख पाते हैं। आज प्रेरणा स्थल का निर्माण करके और एक ही स्थान पर महान हस्तियों की मूर्ति स्थापित किया गया, इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष और लोकसभा सचिवालय के सभी सदस्य का धन्यवाद करता हूं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि इस 'प्रेरणा स्थल' से भारत के लोग जानकारी ले सकेंगे। विदेश के वे लोग जो भारत के लोकतंत्र को देखने आना चाहते हैं, इसमें प्रेरणा स्थल से भारत के विषय में जान सकेंगे। हमारी नई पीढ़ियां भी इन महापुरुषों के योगदान और उनकी जानकारी ले सकेंगी। सरकार के इस फैसले पर विपक्षी पार्टियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र ने उनके प्रदर्शन को रोकने के लिए इस तरह का फरमान जारी किया है। दरअसल, संसद भवन से 13 महान हस्तियों की मूर्ति हटाने का निर्देश जारी किया गया, जिनमें महात्मा गांधी, बाबा साहेब अंबेडकर, मोतीलाल नेहरू, छत्रपति शिवाजी महाराज समेत कई महान स्वतंत्रता सेनानी शामिल हैं।

अमित मालवीय ने पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने पर कर्नाटक सरकार पर बोला हमला

नई दिल्ली। भाजपा के केंद्रीय आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने रविवार को कर्नाटक में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर प्रदेश कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा। मालवीय ने एक्स पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कर्नाटक के उद्योग एवं विकास मंत्री एम.बी. पाटिल पर निशाना साधा जिन्होंने राहुल गांधी की गारंटियों को वित्तपोषित करने के लिए इस वृद्धि को आवश्यक बताया था। मालवीय ने कहा, कर्नाटक के उद्योग एवं विकास मंत्री एम.बी. पाटिल ने कहा है कि राहुल गांधी की गारंटियों को वित्तपोषित करने के लिए ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि आवश्यक थी। राहुल ने हर उस राज्य को बर्बाद कर दिया है, जिस पर उन्होंने अपना हाथ रखा है। एम.बी. पाटिल ने शनिवार को इस कदम का बचाव करते हुए कहा था कि ईंधन की कीमतों में वृद्धि का निर्णय राज्य की

गारंटी योजनाओं और अन्य विकास परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण था।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वृद्धि के बावजूद कर्नाटक में ईंधन की कीमतें कई अन्य राज्यों के मुकाबले कम हैं। कर्नाटक कांग्रेस के भीतर चल रहे आंतरिक संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए मालवीय ने आगे कहा, लोकसभा चुनावों में खराब प्रदर्शन के बाद कर्नाटक कांग्रेस में व्यापक असंतोष है। पहले डी.के. शिवकुमार गुट एक तरफ चला गया था और अब बी.एस. येदियुरप्पा जी को निशाना बनाए जाने के बाद कांग्रेस में लिंगायत भी नाराज हैं। भाजपा नेता ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से कर्नाटक सरकार के भीतर अस्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

उन्होंने लिखा, खड़गे जी को कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के बारे में चिंता करनी चाहिए। ऐसा लगता है कि यह उधार में मिले समय पर चल रही है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने शनिवार को ईंधन पर खुदरा बिक्री कर बढ़ा दिया, जिससे पेट्रोल के दाम तीन रुपये और डीजल के 3.50 रुपये प्रति लीटर बढ़ गये। नई कीमतें तुरंत प्रभाव से लागू हो गईं, जिससे कई वाहन मालिक हैरान रह गए। कर्नाटक के वित्त विभाग के संयुक्त सचिव नितीश के. ने नई दरें तत्काल लागू करने के लिए एक अधिसूचना जारी की।

मंत्री नारा लोकेश ने मंगलागिरी में लगाया 'प्रजा दरबार', लोगों की सुनी समस्याएं

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मानव संसाधन विकास, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार मंत्री नारा लोकेश ने मंगलागिरी में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए 'प्रजा दरबार' लगाया। 'प्रजा दरबार' के दूसरे दिन मंत्री ने लोगों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनी। इस दौरान मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के बेटे लोकेश ने लोगों को भरोसा दिया कि वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से लोग आए। लोगों ने मंत्री लोकेश के सामने अपनी समस्याएं रखी। आंध्र प्रदेश वेलुगु शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने मंत्री से अपील करते हुए कहा कि 2,193 कर्मचारी जो अभी अनुबंध पर हैं, उनकी सेवाएं नियमित की जाए। 'प्रजा दरबार' के दौरान एक छात्र जगदीश ने मंत्री से नुजविद कॉलेज को फीस प्रतिपूर्ति बकाया चुकाने के लिए कदम उठाने की अपील की ताकि उसे कॉलेज से अपना पॉलिटेक्निक प्रमाणपत्र वापस मिल सके। आचार्य नागार्जुन

विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षण कर्मचारी चाहते थे कि उनकी रिटायरमेंट की उम्र 62 वर्ष की जाए। जबकि, मंगलागिरी की शेख नाजिना अपने पांच महीने के भतीजे के लिए वित्तीय सहायता चाहती थी, जो एक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है। ताडेपल्ली के के. किरण बाबू अपने और अपनी बहन मोनिका के लिए एमबीए पूरा करने के बाद रोजगार मांगने आए। ताडेपल्ली निवासी दिव्यांग छात्र बी. श्रीनिवास राव ने मंत्री लोकेश के सामने अपील करते हुए कहा कि वह अब 40 वर्ष के हो चुके हैं, लेकिन उन्हें अब तक किसी भी प्रकार का रोजगार नहीं मिला है। वह चाहते हैं कि उन्हें किसी प्रकार की आजीविका उपलब्ध कराई जाए। आंध्र प्रदेश में अब टीडीपी की सरकार है। चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की कमान संभाल ली है। टीडीपी सरकार में नारा लोकेश भी शामिल हैं। उन्होंने राज्य के कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी से मंगलागिरी निर्वाचन क्षेत्र से हारने वाले नारा लोकेश ने इस बार दम दिखाते हुए उसी सीट पर 91,000 से अधिक मतों से जीत कर अपनी पार्टी में एक अलग जगह बनाई।

रोहिणी आचार्य प्रवासी पक्षी हैं, सुशासन सरकार में नहीं बख्शे जाएंगे आरोपी : मंत्री नीरज कुमार बबलू

गया। बिहार के गया के सर्किट हाउस में राज्य के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार सिंह उर्फ नीरज बबलू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को

संबोधित किया। इसके पहले उन्होंने पीएचईडी विभाग के अधिकारीयों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभागीय कामों को धरातल पर उतारने का दिशा-निर्देश दिया। पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री नीरज कुमार बबलू ने कहा कि गया जिले में पानी का संकट दूर होगा। हर हाल में पानी के समस्या से लोगों को निजात दिलाएंगे। सरकार इस पर कार्य कर रही है। सात निश्चय योजना के तहत सरकार विकास कार्य करा रही है। इसके साथ ही उन्होंने लालू परिवार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य चुनाव हारने के बाद सिंगापुर चली गईं हैं। वो प्रवासी पक्षी की तरह हैं। चुनाव हारने के बाद भी राजद अगर उन्हें राज्यसभा भेजने की तैयारी कर रहा है, तो उनसे परिवारवाद को लेकर सवाल पूछा जाना चाहिए। राजद एक परिवार की पार्टी है और जनता सब जानती है। राजद नेता तेजस्वी यादव की ओर से राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने पर नीरज कुमार बबलू ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव डिप्टी सीएम रहकर 6 विभागों के मंत्री थे। उन्होंने 17 महीने में जितने भ्रष्टाचार व लूट खसोट किए हैं, वो जांच का विषय है। सीएम नीतीश कुमार ने विधानसभा में कहा है कि उसकी जांच पड़ताल कराएंगे। यह सुशासन की सरकार है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

सलमान खान फायरिंग केस में राजस्थान के बूंदी से एक गिरफ्तार

मुंबई। सलमान खान फायरिंग मामले को लेकर मुंबई की क्राइम ब्रांच टीम ने राजस्थान के बूंदी से एक आरोपी को दबोचा है। इसी के साथ ही इस हमले के तार एक बार फिर से राजस्थान से जुड़े पाए गए हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच ने आरोपी बनवारीलाल को हिंडौली से गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे मुंबई ले आई है। मुंबई में ही उससे पूछताछ की जाएगी। आरोपी बनवारीलाल लटूरलाल गुर्जर ने सलमान को यूट्यूब चैनल पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम लेते हुए धमकी दी थी। जांच में पता चला है कि आरोपी हिंडौली इलाके के बोरदा गांव का रहने वाला है। वह कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से प्रभावित था। हालांकि जांच के बाद ही यह पता चलेगा कि वह किस हद तक इस मामले में शामिल है। फिलहाल मुंबई क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि मुंबई पुलिस इस मामले की छानबीन के लिए लगातार जांच कर रही है।

बिहार से गुंडाराज-माफिया राज का होगा खात्मा : विजय कुमार सिन्हा

लखीसराय। लोकसभा चुनाव के बाद बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एक दिवसीय दौरे पर रविवार को लखीसराय पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। विजय कुमार सिन्हा ने बड़हिया प्रखंड के हदन बीघा गांव में ग्रामीण कार्य विभाग से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इस दौरान बड़हिया प्रखंड की प्रमुख इंदु देवी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह मौजूद रहे। शिलान्यास के बाद पत्रकारों से बात करते हुए विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार में माफिया और अपराधी से सरकार की लड़ाई शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हर हाल में बिहार से गुंडाराज और माफिया राज को खत्म किया जाएगा। चाहे वो किसी भी राजनीतिक दल से संरक्षित क्यों न हो। खनन माफियाओं के खिलाफ बड़ी

कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बालू का स्टॉक कर कालाबाजारी करने वाले बालू माफियाओं का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। खनन माफियाओं को संरक्षण देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और भ्रष्ट तरीके से अर्जित की गई संपत्ति को जब्त किया जाएगा। बता दें कि शुक्रवार को ही विजय कुमार सिन्हा ने नियम के अनुसार काम नहीं करने के आरोप में दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। उन्होंने कहा था कि अवैध खनन एवं परिवहन को बढ़ावा देने के मामले में लखीसराय के खनिज विकास अधिकारी को निलंबित किए जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली ।। सोमवार 17 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

शहर विधानसभा की सीट पर क्या इस बार बदलेगा कोई सियासी समीकरण

फिलहाल हो रहा है कांग्रेस-सपा-रालोद-भाजपा में अधिसूचना का इंतजार

गाजियाबाद, करंट क्राइम। शहर विधानसभा यानी सदर विधानसभा सीट खाली हुई है और इस पर उपचुनाव होना है। यह सीट भाजपा विधायक अतुल गर्ग के लोकसभा सांसद बन जाने के बाद रिक्त हुई है। अतुल गर्ग ने लखनऊ में विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा दे दिया है। बड़ी बात ये है कि गाजियाबाद की इस सीट पर पहले चरण में उपचुनाव नहीं हो रहा है। जिन सीटों परउप चुनाव होना है उनकी तारीख घोषित हो चुकी है। 10 जुलाई को यहां चुनाव होगा और ऐसे में अब इस बात की पूरी संभावना है कि गाजियाबाद में चुनाव अक्टूबर या नवंबर में होगा। गाजियाबाद की शहर सीट को देखें तो यहां त्यागी, ब्राह्मण और वैश्य चेहरे ही विधायक बनते आये हैं और उसका कारण भी ये है कि प्रमुख दलों में टिकट भी इसी समाज के चेहरों को दिया है। यहां से बालेश्वर त्यागी विधायक रहे हैं और वो उस समय विधायक रहे जब शहर सीट का परिसीमन नहीं हुआ था। इसके बाद उन्हें कांग्रेस के सुरेन्द्र गोयल ने चुनाव में हराया और सुरेन्द्र गोयल जब सांसद बने तो यह सीट खाली हुई और यहां सपा के सुरेन्द्र कुमार मुन्नी उपचुनाव में विधायक बने। उसके बाद यहां से सुरेश बंसल विधायक रहे। अतुल गर्ग लगातार दो बार चुनाव जीते। अब जब उपचुनाव होगा तो सभी की निगाहें इस बात पर रहेंगी कि यहां सियासी दलों की खोज वैश्य, ब्राह्मण चेहरों पर सिमटती है या वो कोई नया प्रयोग करेंगे।

सपा ने खेला है सामान्य सीट पर दलित कार्ड और बढ़ाया था वोट प्रतिशत

करंट क्राइम। अगर अन्य जातियों की बात करें तो यहां सपा ने विधानसभा चुनाव में सामान्य सीट पर दलित कार्ड खेला। इस कार्ड ने सभी दलों को हैरान किया। सपा ने यहां विशाल वर्मा को विधानसभा उम्मीदवार बनाया। जबकि दलित वोटों की नंबरदार पार्टी बसपा ने यहां भाजपा के केके शुक्ला को टिकट दिया और ब्राह्मण उम्मीदवार उतारा। इस चुनाव में सपा को दलित कार्ड का लाभ मिला वो चुनाव तो नहीं जीत पाई लेकिन उसका वोट प्रतिशत बढ़ा और इस बढ़े वोट प्रतिशत ने सियासत में नई संभावनाओं को जन्म दे दिया।

कांग्रेस की नजर सपा पर और सपा की नजर कांग्रेस पर

करंट क्राइम। उपचुनाव की बात करें तो यहां दावेदारी का मेला भाजपा में है और अन्य दलों में अभी वेट एंड वॉच का सीन चल रहा है। कांग्रेस की नजर सपा पर है और सपा की नजर कांग्रेस पर है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय चौधरी का कहना है कि दावेदारी की बात तो तब हो जब चुनाव आयोग पहले यहां चुनाव की घोषणा करे। चुनाव की तिथि घोषित हो। सपा के साथ मिलकर लड़ेंगे या अकेले लड़ेंगे, के सवाल पर उनका कहना है कि यह फैसला हाईकमान को करना है लेकिन विजय चौधरी ने कहा कि अगर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी तो पूरी मजबूती से भाजपा को हराने के लिए चुनाव लड़ेंगे। वहीं सपा के खेमे मे भी फिलहाल दावेदारी की हलचल नहीं हैं। वैसे भी उसके नेताओं के बूथ पर वोट की स्थिति के बाद से फिलहाल सब खामोश हैं और हाईकमान के फैसले का इंतजार है।

बसपा में दावेदार और उम्मीदवार सबकुछ आते हैं हाईकमान से

करंट क्राइम। बसपा की बात करें तो यहां दावेदार कौन होगा ये भी संगठन नहीं बताता है और उम्मीदवार हमेशा ही ऊपर से तय होकर आता है। ताजा लोकसभा चुनाव में अंशय कालरा को टिकट मिला और अगले दिन ही नन्द किशोर पुण्डीर उम्मीदवार हो गये। एक चुनाव ऐसा भी रहा है जब तीन उम्मीदवार बदले हैं। सतपाल चौधरी उम्मीदवार घोषित हुए और जब तक उन्होंने दीवारें पोंती तब तक टिकट कट गया और कविन्दर चौधरी उम्मीदवार हो गये। कविन्दर चौधरी वोट मांग कर वापस आये तो पता चला कि चुनाव तो सुधन रावत लड़ेंगे। फिलहाल बसपा में अभी दावेदारी और उम्मीदवारी सबकुछ बसपा हाईकमान के भरोसे पर है। यहां दावेदारी में अभी कोई नाम नहीं आया है।

गाजियाबाद में भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बकरीद के मद्देनजर डीसीपी को लिखा पत्र

● लोनी क्षेत्र एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस के तहत लोनी क्षेत्र में जानवरों के कटान, मीट की दुकान, कट्टीघरों का संचालन और हड्डी एकत्रित करना प्रतिबंधित है

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद के लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने बकरीद को लेकर पुलिस डीसीपी को पत्र लिखा है। उन्होंने इलाके में किसी भी तरह का पशु कटान न करने को लेकर मांग की है। विधायक ने इसके पीछे लोनी क्षेत्र में एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस लागू होने का हवाला दिया है। साथ ही बकरीद की आड़ में गोवंश के कटान की आशंका जताई है।

पक्षियों के उड़ने से विमानों को खतरा

16 जून को डीसीपी (ग्रामीण) को भेजे पत्र में विधायक नंद किशोर गुर्जर ने लिखा, 17 जून को बकरीद का त्यौहार देशभर में मनेगा। हम हर धर्म और उसकी मान्यताओं का पूरा सम्मान करते हैं, लेकिन लोनी नगर पालिका के पूर्व एड डीके राय के सर्वे के अनुसार लोनी क्षेत्र एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस के तहत आता है। पास में ही भारतीय वायुसेना का हिंडन एयरबेस है।

इस ऑर्डिनेंस के तहत लोनी क्षेत्र में जानवरों के कटान, मीट की दुकान, कट्टीघरों का संचालन और हड्डी एकत्रित करना प्रतिबंधित है। ऐसा करना राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है, क्योंकि पूर्व में लोनी में भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान भी गिर चुका है। पक्षियों के उड़ने से विमानों को खतरा बना रहता है।'

एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस का पालन कराए डीसीपी : विधायक नंद किशोर गुर्जर ने पत्र के आखिर में लिखा है कि डीसीपी इस पर संज्ञान लेते हुए एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस का पालन कराएं और गोवंश सहित अन्य किसी जीव की हत्या न होना सुनिश्चित करें। इस पत्र की कॉपी लोनी एसडीएम को भी भेजी गई है।

माहौल बिगाड़ने के लिए गोवंश का कर सकते हैं कटान

विधायक ने इस पत्र में आगे लिखा, लोनी में हमारे कार्यकताओं ने सूचना दी है कि बड़े पैमाने पर यहां पशुओं का कटान होगा। ऐसे में कुछ लोग माहौल को बिगाड़ने के लिए गोवंश की हत्या भी कर सकते हैं। वहीं पशुधन अधिनियम-1960 के तहत भी जीव हत्या करना अपराध है। मैंने मुस्लिम समाज के भाइयों से अपील की है कि वो प्रगतिवादी सोच का हिस्सा बने। एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस का पालन करते हुए ईकोफ्रेंडली बकरीद मनाएं। लोनी क्षेत्र के मुस्लिम लोग ऐसा पहले कर भी चुके हैं। उन्होंने सांकेतिक तौर पर बकरा काटकर ईद शांतिपूर्ण तरीके से मनाई थी, जिसकी काफी प्रशंसा भी हुई थी।

लोनी क्षेत्र में एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस का दिया हवाला

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार ने फिर बरपाया कहर, बकरीद मनाने जा रहे चार लोगों की मौत

ट्रक ने मारी कैंटर को टक्कर, 24 अन्य लोग भी हुए घायल

गाजियाबाद, करंट क्राइम : ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर रफ्तार का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने कैंटर में टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि 24 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में 9 की हालत गंभीर है। वहीं बताया जा रहा है कि कैंटर में कुल 37 लोग सवार थे, सभी मजदूर हैं और बकरीद पर त्यौहार मनाने के लिए घर जा रहे थे। जिसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे थे। सभी हरियाणा के सोनीपत से बकरीद का त्यौहार मनाने के लिए शाहजहांपुर और हरदोई के लिए जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस फोर्स और यातायात पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है। तो वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है। बताया जा रहा है की हादसे के वक्त यह लोग टॉयलेट करने के लिए कैंटर से नीचे उतरे थे।

घायलों को भेजा गया इलाज के लिए दिल्ली

करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र कुमार ने बताया है कि एक्सीडेंट की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। सभी घायलों को पहले गाजियाबाद जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां पर डॉक्टरों ने चार घायलों को मृत घोषित कर दिया। वहीं डॉक्टरों ने गंभीर घायलों को दिल्ली के गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि सुबह के वक्त हुआ यह सड़क हादसा इतना भीषण था कि वाहनों में सवार लोग जब ट्रक के नीचे आए तो चीख पुकार मच गई।

ईंट भट्ठे में काम करते हैं घायल और मृतक मजदूर

करंट क्राइम : मृतकों की पहचान इरशाद 20, नाजुमन 60, सबीना 21 और माया देवी 40 के रूप में हुई है। सभी हरदोई के मझला कुमरूआ गांव के रहने वाले हैं।

घायलों में 17 लोग शाहजहांपुर और सात हरदोई के रहने वाले बताए जा रहे हैं। कैंटर हरियाणा के सोनीपत के गन्नौर स्थित ईंट भट्ठे से आ रहा था। कैंटर गाजियाबाद में मुरादनगर रेवड़ा-रेवड़ी गांव के पास पहुंचा तो मजदूरों ने टॉयलेट करने के लिए कैंटर रुकवाया। 5-10 लोग कैंटर से उतर गए, तभी बागपत की तरफ से आ रहे ट्रक ने कैंटर को टक्कर मार दी।। हादसा गाजियाबाद में मुरादनगर रेवड़ा-रेवड़ी गांव के पास ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर हुआ।

एक्सप्रेसवे पर लगा रहा 2 घंटे जाम

करंट क्राइम : रविवार को ज्येष्ठ दशहरा के चलते एनएच-09 पर रूट डायवर्जन था। साथ ही हापुड़ और गढ़मुक्तेश्वर जाने वाले भारी वाहनों का भी रूट बदल गया। इसी के चलते सुबह जब यह सड़क हादसा हुआ तो ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर लगभग 2 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। मौके पर यातायात पुलिस की टीमों ने पहुंचकर पहले क्रेन से कैंटर को सीधा करवाया और फिर मार्ग पर यातायात व्यवस्थित रूप से शुरू हो सका।

सीसीटीवी की फुटेज जांच में उलझी सिटी जोन पुलिस, लूट की दोनों बड़ी वारदातों में खाकी के हाथ चल रहे हैं खाली

सर्विलांस टीम और क्राइम टीम नहीं ढूंढ पाई किसी भी तरह का सुराग

करंट क्राइम फॉलो अप

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में चुनावी सीजन के दौरान क्राइम का ग्राफ बढ़ा है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कवि नगर थानाक्षेत्र में 27 मई को हुई पेट्रोल पंप के कैशियर से साढ़े नौ लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। तो वहीं नंदग्राम थानाक्षेत्र में सराफा कारोबारी से हुई लाखों की लूट के मामले में भी पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं खोज पाई है। हालांकि दोनों ही घटनाओं के बाद पुलिस की सर्विलांस और क्राइम टीम ने पूरी मेहनत की लेकिन अभी तक दोनों ही बड़ी लूट की वारदातें अनसुलझी बनी हुई है। वहीं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों पर घटना के खुलासे का दबाव बन रहा है। तो जिस तरीके से उत्तर प्रदेश में आईपीएस अधिकारियों के तबादले को लेकर सर गर्मी है, उससे अधिकारियों पर लूट खोलने का प्रेशर बढ़ता जा रहा है।

सीसीटीवी फुटेज से नहीं मिल रहा कोई लिंक

करंट क्राइम : सिटी जोन की क्राइम ब्रांच के सूत्रों से जानकारी मिली है कि 11 जून को सर्राफा कारोबारी से हुई लूट और 27 मई को पेट्रोल कर्मचारी से हुई लूट के मामले में पुलिस को सीसीटीवी की फुटेज से कुछ खास मदद नहीं मिल पाई है। पुलिस ने दोनों मामले में बड़ी संख्या में मोबाइल नंबरों का डाटा भी लिया था लेकिन उससे भी कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने इस पूरे मामले में सर्विलांस की मदद ली लेकिन अभी तक क्राइम ब्रांच और थानों की एसओजी टीम इस पूरे मामले में खाली हाथ चल रही है।

जेल में बंद बदमाशों से पूछताछ में नहीं मिले सुराग

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है की लूट के दोनों ही मामलों में पुलिस ने जेल में बंद कई बदमाशों से गाजियाबाद, हापुड़ और बुलंदशहर तक पूछताछ की है। इसके साथ ही नोएडा और मेरठ पुलिस से भी संपर्क साधा गया, पर अभी तक दोनों ही लूट के बड़े मामलों में पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। उधर चर्चा हो रही है की लूट की दोनों ही वारदातों को खोलने के लिए कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन डीसीपी की क्राइम टीम दोनों ही लूट के मामलों के खुलासों के लिए पूर्व की घटना में शामिल गिरोह के सदस्यों की पड़ताल कर रही है। इसी के साथ कमिश्नरेट सिस्टम में जेल भेजे गए बदमाशों का डेटा भी जांचा जा रहा है।

भाजपा का कौन सा बड़ा पदाधिकारी लड़ना चाहता है शहर वाला बाई इलेक्शन

तीन घंटे तक रही है अम्बेडकर रोड पर उनकी लाइव लोकेशन

● इस लोकेशन का कनेक्शन होने वाले इलेक्शन से बताया जाता है

गाजियाबाद, करंट क्राइम। चुनाव को लेकर अन्य दल भले ही चुनाव आयोग के ऐलान का इंतजार कर रहे हों। लेकिन भाजपा ऐलान से पहले ही तैयारी कर रही है। उसके योद्धा किसी रणभेरी का इंतजार नहीं कर रहे हैं और वो अपनी दावेदारी को उम्मीदवारी में बदलने के लिए पूरे प्रयास कर रहे हैं। भाजपा में सभी बिरादर पूरी ताकत के साथ लगे हुए हैं और सूत्र बताते हैं कि उपचुनाव में दावेदारी का सीन कहीं से कहीं तक हल्का नहीं रहने वाला है। सूत्र बता रहे हैं कि दावेदारी के इस दंगल में सियासत के बड़े योद्धा आ रहे हैं। बताया जाता है कि भाजपा के एक बड़े पदाधिकारी भी शहर वाले उपचुनाव में अपनी दावेदारी रख रहे हैं। वो साईलेंट तरीके से पूरी तैयारी कर रहे हैं। वहीं भाजपा वाले भी अब एक दूसरे के बारे में पूरी जानकारी रख रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि भाजपा के ये बड़े पदाधिकारी तीन घंटे तक शहर विधानसभा क्षेत्र में रहे हैं। अगर सूत्रों की माने तो भाजपा के इन क्षेत्रीय पदाधिकारी की लोकेशन चौधरी मोड से लेकर अम्बेडकर रोड के बीच रही है। उनकी कार 3.30 बजे कालका गढ़ी चौक में दाखिल हुई और फिर बताया जाता है कि तीन घंटे तक शहर विधानसभा क्षेत्र में ही ये लोकेशन रही।

इस लोकेशन का कनेक्शन का होने वाले इलैक्शन से बताया जाता है। शनिवार को इस एक्टिविटी की कनैक्टिविटी को चुनाव को कनैक्ट करके देखा जा रहा है। सबसे बड़ी बात ये रही है कि बड़े पदाधिकारी ने इस दौरान अपने साथ कोई भी स्थानीय भाजपाई नहीं लिया है। शहर के कई सियासी अड्डों पर चाय के साथ चर्चा हुई है और चर्चा का संबंध उपचुनाव वाले पर्चे से बताया जाता है।

संपादकीय

दुनिया में महिलाओं की हिस्सेदारी पर सवाल

अपूरी दुनिया में लंबे समय से महिलाओं को पुरुषों के बराबर हक और हिस्सेदारी की जरूरत की बात उठती रही है। सरकारों ने अनेक नीतियां बनाईं, कई नियम-कायदों में बदलाव किए गए। लेकिन शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी के स्तर पर सवाल उठते रहते हैं। विश्व आर्थिक मंच की इस साल की लैंगिक अंतर सूचकांक रपट में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक आंका गया है। भारत दो पायदान नीचे खिसककर 129वें स्थान पर आ गया, जबकि आइसलैंड जैसे छोटे से देश ने सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। दक्षिण एशिया में भारत वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक में बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान के बाद पांचवें स्थान पर है। रपट में यह भी कहा गया है कि भारत ने 2024 में अंतर का 64.1 फीसद कम कर लिया है। भारत के आर्थिक समानता स्कोर में सुधार हो रहा है, लेकिन 2012 के 46 फीसद के स्तर पर लौटने के लिए इसे 6.2 फीसद अंक बढ़ाने की जरूरत है।

लैंगिक समानता के लिए विश्व भर की सरकारों ने अनेक नीतियां बनाई हैं, पर उनसे अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पाए हैं। विश्व आर्थिक मंच की रपट से स्पष्ट है कि भारत में नीतियां फाइलों और घोषणाओं तक सीमित रह गई हैं। भारत पिछले वर्ष 127वें स्थान पर था और सूची में दो पायदान नीचे जाने की मुख्य वजहों में शिक्षा प्राप्ति और राजनीतिक सशक्तीकरण मापदंडों में आई मामूली गिरावट है।

यह स्थिति तब है, जब भारत में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए विधेयक पारित किया जा चुका है। माध्यमिक शिक्षा में नामांकन के मामले में भारत ने बसे अच्छी समानता दिखाई है जबकि महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण में अपना देश 65वें स्थान पर है। बीते 50 वर्षों में महिला/पुरुष राष्ट्राध्यक्षों के साथ समानता के मामले में भारत 10वें स्थान पर है। स्पष्ट है कि लोगों के दृष्टिकोण में बदलाव तो आ रहा है, लेकिन पुरुषवादी मानसिकता पूरी तरह खत्म नहीं हो रही है। इस स्थिति को बदलने के लिए समाज की मानसिकता को बदलना होगा।

भारत फिर बना चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार, इस देश को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली। केंद्र में नई सरकार बनने के बाद भारतीय शेयर बाजार लगभग हर दिन उच्च स्तर का नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। इसके साथ ही भारत ने बाजार पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को एक बार फिर पछाड़ दिया है और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण अब बढ़कर 5.21 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। वहीं, हांगकांग के शेयर बाजार का पूंजीकरण घटकर 5.17 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। इसी वर्ष जनवरी में भी भारत ने बाजार पूंजीकरण के लिहाज से हांगकांग को पछाड़कर दुनिया में चौथा स्थान हासिल किया था।

इस वजह से बढ़ा पूंजीकरण

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों के दौरान भारत के शेयर बाजारों में तेज बढ़ोतरी रही है। जिससे बीएसई का पूंजीकरण भी बढ़ा है। अब भारतीय बाजार विदेशी निवेशकों को भी आकर्षित कर रहे हैं और आने वाले समय में विदेशी निवेश में तेजी आ सकती है। नेशनल स्टाक एक्सचेंज यानी एनएसई का निफ्टी पिछले एक महीने में करीब छह प्रतिशत और पिछले छह महीनों में 11.84 प्रतिशत बढ़ा है।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले 12 महीनों में निफ्टी के 25,800 के स्तर के करीब पहुंचने की उम्मीद है। बीते सप्ताह बीएसई स्मालकैप में पांच प्रतिशत और मिडकैप में 4.4 प्रतिशत की तेजी रही है।

आरबीआई की ओर से 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश मिलने से वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटे में 20 आधार अंक की कमी आने की भी उम्मीद है। प्रभुदास लीलाधर के विशेषज्ञों का कहना है कि आटो, बैंक, कैपिटल गुड्स, रक्षा, हास्पिटल्स, फार्मा, सीमेंट और विमानन क्षेत्र के शेयरों के लिए परिदृश्य सकारात्मक है।

इंफ्रा पर जारी रहेगा खर्च

स्टॉक ब्रोकर फर्म प्रभुदास लीलाधर के विशेषज्ञों का अनुमान है कि बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पूंजीगत व्यय-संचालित विकास पर अपना ध्यान केंद्रित रखेगी। खासतौर पर प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई), सड़क, बंदरगाह, विमानन, रक्षा, रेलवे और नवीकरणीय ऊर्जा सहित इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास जैसे क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा।

सोना 1,00,000 रुपये तक जाएगा, लेकिन कब तक?

नई दिल्ली। सोना और चांदी हमेशा से निवेशकों के लिए सुरक्षित निवेश विकल्प माने जाते हैं। खासकर तब जब अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल हो। ऐसा इसलिए क्योंकि इन धातुओं का अपना अलग ही महत्व है। सोने-चांदी में निवेश से महंगाई और रुपये की कीमत गिरने का डर भी कम होता है। अपने पोर्टफोलियो में सोना-चांदी रखने से डायवर्सिफिकेशन का फायदा मिलता है। यह निवेश के जोखिम को कम करता है। वजह है कि आप अलग-अलग तरह की चीजों में निवेश करते हैं। जब बाजार में अनिश्चितता होती है तो सोना और चांदी सुरक्षित निवेश माने जाते हैं। ये आसानी से बिक भी जाते हैं। हाल ही में अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद के अध्यक्ष सय्यम मेहरा और उपाध्यक्ष राजेश गोखले ने एक न्यूज चैनल के साथ बातचीत में इन कीमती धातुओं पर अपने विचार साझा किए।

सोने पर अपनी राय रखते हुए मेहरा ने कहा कि दुनियाभर के 50 से अधिक देशों में चुनाव हो रहे हैं। वैश्विक तनाव के चलते बाजार नीचे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं और अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कमी नहीं करने के फैसले के बावजूद सोने की दरों में कमी नहीं आई। मेहरा का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की बुनियादी बातें बहुत मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सोने की खरीद लगभग 800 टन है। जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह लगभग 4,500 टन है।

सोने में तेजी बने रहने के आसार

मेहरा ने कहा, 'मुझे लगता है कि बढ़ती कीमतों के बावजूद खरीद कम नहीं हो रही है। उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ रहा है। आने वाले समय में यह उम्मीद है कि सोने का भाव 2,600 डॉलर - 2,800 डॉलर या 78,000 रुपये से 80,000 रुपये तक पहुंच जाएगा। फिर अगले दो से ढाई सालों में सोने का भाव प्रति किलोग्राम 1 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। मुझे नहीं लगता कि सोना 2,285 या 2,250 पर सीमित रहेगा।' मेहरा का मानना है कि लंबी अवधि में तेजी की संभावना अधिक है। गिरावट की संभावना बहुत कम है।

अगले हफ्ते आईपीओ मार्केट में रहेगी खूब चहल-पहल, 9 इश्यू होंगे लॉन्च

नई दिल्ली। अगले सप्ताह आईपीओ मार्केट में खूब हलचल रहेगी। 17 जून से शुरू हो रहे सप्ताह में 9 आईपीओ लॉन्च होंगे। इनमें मेनबोर्ड के 3 तो एसएमई सेगमेंट के 6 इश्यू शामिल हैं। 17 जून को शेयर बाजार बकरीद के चलते बंद हैं। इसलिए शेयर बाजार के लिए सप्ताह की शुरूआत 18 जून से होगी। नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी एक्मेफिनट्रेड इंडिया का आईपीओ 19 जून को खुलेगा तथा 21 जून को बंद होगा। इश्यू का प्राइस बैंड 114 से 120 रुपये प्रति शेयर है। लॉट साइज 125 शेयर है। कंपनी इस आईपीओ के जरिए 132 करोड़ रुपये जुटाने चाहती है। शेयरों की लिस्टिंग इरए और ठरए पर 26 जून को होगी। मेनबोर्ड आईपीओ डी पाइपिंग सिस्टम्स आईपीओ भी 19 जून को खुलेगा। 418 ।01 करोड़ रुपये के इस IPO में 21 जून तक पैसे लगा सकेंगे। इश्यू का प्राइस बैंड 193 से 203 रुपये प्रति शेयर और लॉट साइज 73 शेयर है।

लग्जरी फर्नीचर ब्रांड स्टैनली लाइफस्टाइल्स भी अगले सप्ताह अपना इश्यू लॉन्च करेगा। स्टैनली लाइफस्टाइल आईपीओ का साइज 537 करोड़ रुपये है। यह इश्यू 21 जून को खुलेगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 351-369 रुपये प्रति शेयर है और एक लॉट में 40 शेयर हैं।

इश्यू के शेयरों की लिस्टिंग BSE और NSE पर 28 जून को हो सकती है। फाल्कन टेक्नोप्रोजेक्ट्स इंडिया आईपीओ 19 जून को खुलेगा और 21 को बंद होगा।

मारुति सुजुकी और टाटा मोटर्स से भी बड़ी कंपनी है हुंडई? क्या कहते हैं आकड़े

नई दिल्ली। साउथ कोरियन कार निमार्ता हुंडई ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज जमा कर दिए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यह भारत के सबसे बड़े आईपीओ में से एक हो सकता है। हुंडई आईपीओ के जरिए संभवतः 20-25 हजार करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। यह पूरा आईपीओ ऑफर फोर सेल के जरिए आएगा। इसका मतलब है कि इसमें कोई नए शेयर नहीं जारी किये जाएंगे। हुंडई इंडिया की पेरेंट कंपनी भारतीय इकाई में अपनी 17।5 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी।

हुंडई भारत की सबसे बड़ी कार निमार्ताओं में से एक है। लेकिन क्या ये देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता है? कई लोगों को ऐसा लगता है कि हुंडई भारत की सबसे बड़ी कार निमार्ता है। यह गलत है। मार्केट कैप के लिहाज से देखा जाए भारत की मारुति-सुजुकी उससे आगे है। हां, हुंडई भारत की दूसरी सबसे बड़ी कार निमार्ता जरूर है।

मारुति सुजुकी

मारुति भारत की सबसे बड़ी कार मेकर है। इसका मार्केट कैप 48।35 अरब डॉलर का है। यह मार्केट कैप के लिहाज से दुनिया की 381वीं सबसे मूल्यवान कंपनी है। 2022, 2023 और 2024 में अब तक मारुति के मार्केट कैप लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। बता दें कि मारुति सुजुकी भी पूरी तरह भारतीय नहीं है। यह जापानी कंपनी सुजुकी की भारतीय इकाई है। इसकी शुरूआत भले भारतीय सरकार और सुजुकी के जॉइंट वेंचर के रूप में हुई थी। सरकार ने 2007 तक इसमें अपनी सारी हिस्सेदारी बेच दी। अभी सुजुकी कॉर्पोरेशन के पास कंपनी की 56।2 फीसदी हिस्सेदारी है।

हुंडई

हुंडई एक साउथ कोरियन कंपनी है जिसका मार्केट कैप 48 अरब डॉलर है। मार्केट कैप के मामले में यह मारुति सुजुकी से पीछे रह जाती है। यह दुनिया की 384वीं सबसे मूल्यवान कंपनी है। हुंडई 200 देशों में अपने वाहनों को एक्सपोर्ट करती है। हुंडई के कई बड़े शेयरहोल्डर्स हैं। लेकिन सबसे बड़ा शेयरहोल्डर हुंडई मोबिस को। लिमिटेड है। इसके पास कंपनी के 21।86 फीसदी शेयर हैं। इसके अलावा नेशनल पेंशन सर्विस ऑफ कोरिया, मॉन्ग कू चुंग व हुंडई मोटर कंपनी कुछ अन्य बड़े शेयरहोल्डर हैं।

राशिफल

मेष: दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

वृष: व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

मिथुन: किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

कर्क: पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

सिंह: किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

कन्या: जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

तुला: दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

वृश्चिक: दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

धनु: ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

मकर: व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

कुंभ: वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

मीन: लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच्?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

चुटकुले

मरीज - मुझे बीमारी है कि खाना खाने के बाद भूख नहीं लगती है, सोने के बाद नींद नहीं आती, काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर - तुमको बहुत बड़ी बीमारी है, एक काम करो, सारी रात धूप में बैठ जाओ जल्दी ही ठीक हो जाओगे।

एक शराबी डॉक्टर के पास पहुंचा और बोला- डॉक्टर साहब मैं कई दिनों से बीमार हूं
डॉक्टर बोला - तुम्हारा लिवर फूल गया है
शराबी- इसका मतलब कि अब इसमें और ज्यादा दारू आ सकती है! डॉक्टर चुप और शराबी मस्त

घर के बाहर पति काफी देर से इंतजार कर रहा था।
पति- अरे और कितनी देर लगाओगी?
पत्नी- चिल्ला क्यों रहे हो? आधे घंटे से कह रही हूं कि पांच मिनट में आ रही हूं। समझ में नहीं आता है क्या?

रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

भारतीय नेशनल अल्टीमेट फ्रिसबी टीम ने जीता रजत पदक

शिराहामा (जापान)। भारतीय नेशनल अल्टीमेट फ्रिसबी टीम ने एशिया ओसनिया बीच अल्टीमेट चैंपियनशिप (एओबीयूसी) 2024 के फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और कड़ी टक्कर के बाद उपविजेता रही। फिलीपींस के खिलाफ मैच करीबी और प्रतिस्पर्धी खेल के बावजूद, भारत 9-12 के अंतिम स्कोर से पिछड़ गया। कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप में एशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की 16 टीमें शामिल थीं। यह उपलब्धि अल्टीमेट फ्रिसबी खेल के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, क्योंकि राष्ट्रीय टीम पहली बार फाइनल में पहुंची और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। फाइनल तक की यात्रा सेमीफाइनल में जापान पर उल्लेखनीय जीत से उजागर हुई, जो टीम के कौशल, रणनीति और दृढ़

संकल्प का प्रमाण है। फाइनल मैच एक कड़ा मुकाबला था, जिसमें दोनों टीमों ने असाधारण कौशल और निष्पक्ष खेल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के माध्यम से भारतीय टीम की यात्रा को प्रशंसकों और दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ फ्रिसबी समुदाय से अपार समर्थन और प्रशंसा मिली है। भारतीय राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच उदय कुमार ने कहा, हमें अपनी टीम के प्रदर्शन पर बेहद गर्व है।हालाँकि हम चैंपियनशिप नहीं जीत पाए, लेकिन हमारे खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित समर्पण और भावना वास्तव में प्रेरणादायक थी। इस अनुभव ने भारतीय अल्टीमेट फ्रिसबी के लिए एक नया मानक स्थापित किया है, और हम उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना जारी रखेंगे।" भारत में फ्लाइंग डिस्क स्पोर्ट्स के लिए शासी निकाय - इंडिया अल्टीमेट (आईयू) के अध्यक्ष, पुंडारी कुमार ने कहा, फाइनल में पहुंचना एक बड़ी उपलब्धि है। हमारे खिलाड़ियों ने जबरदस्त साहस और कौशल दिखाया है, हम डेजी, हाई राइज, एक्विला ईवी और ऑफ-सीजन अल्टीमेट के साथ-साथ भारत में संपूर्ण फ्रिसबी खेलने वाले समुदाय के समर्थन के लिए आभारी हैं।" टीम इंडिया की ऐतिहासिक उपलब्धि आंशिक रूप से 15,000 से अधिक बेहतरीन फ्रिस्बी खिलाड़ियों के समुदाय के अविश्वसनीय क्राउडफंडिंग प्रयासों और देश भर के प्रशंसकों के सामूहिक समर्थन से संभव हुई। 2019 में अपने तीसरे स्थान के प्रदर्शन में सुधार करते हुए मजबूत रजत पदक के साथ, भारतीय टीम ने भविष्य की सफलता के लिए एक मजबूत नींव रखी है और कई युवा एथलीटों को खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है।

'पाकिस्तान इससे नीचे नहीं जा सकता' : इमाद वसीम

लौडरहिल(अमेरिका)। टी 20 विश्व कप से ग्रुप चरण में बाहर हो जाने के बाद पाकिस्तान के आलराउंडर इमाद वसीम ने कहा कि यह टीम के लिए सबसे निराशाजनक बिंदु है क्योंकि टीम टूर्नामेंट के इतिहास में तीसरी बार सुपर आठ में जगह नहीं बना पाई है। पाकिस्तान ने विश्व कप में अपना अभियान सह मेजबान अमेरिका के हाथों सुपर ओवर में हार के साथ शुरू किया और फिर उसे चिर- प्रतिद्वंद्वी भारत से छह रन से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि उन्होंने कनाडा को सात विकेट से हराया लेकिन तब तक बाबर एंड कंपनी के लिए काफी देर हो चुकी थी। अपने आखिरी ग्रुप मैच में पाकिस्तान रविवार को फ्लोरिडा में आयरलैंड से भिड़ेगा। इमाद ने प्री मैच कॉन्फ्रेंस में कहा,ऱ्हां, यह सबसे निराशाजनक बिंदु है। आप इससे नीचे नहीं जा सकते। मैं जानता हूं कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं और यह सभी

खिलाड़ियों के लिए मुश्किल समय है लेकिन आखिर में यह एक अंतर्राष्ट्रीय मैच है, एक विश्व कप मैच है और हम इसे हल्के में नहीं ले सकते।" आलराउंडर ने कहा," पाकिस्तान आयरलैंड के खिलाफ मैच को जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा हालांकि यह परिणाम के लिहाज से महत्वहीन मैच है। हम अपने देश के लिए खेलेंगे, अपने देश के गौरव के लिए खेलेंगे जो हमने पहले भी किया है लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम पर हमारा नियंत्रण नहीं है। लेकिन हम इस मैच में पूरी ताकत के साथ उतरेंगे क्योंकि यह विश्व कप मैच है।" इमाद ने पराजयों के लिए किसी खिलाड़ी को जिम्मेदार ठहराने से इंकार किया और कहा कि यह टीम की सामूहिक जिम्मेदारी है कि उसने मैच गंवाए। उन्होंने कहा,हमने दो मैच खुद ही गंवा दिए थे। यह किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि टीम की सामूहिक जिम्मेदारी है।" इसके लिए कोई बहाना नहीं है। यूएसए से हारना, खैर, हारना खेल का एक हिस्सा है, लेकिन हमें यूएसए से नहीं हारना चाहिए था। यहां तक कि भारत के खिलाफ भी - वह मैच हमारे हाथ में था और हमें हारना नहीं चाहिए था इसलिए, किसी भी चीज के लिए कोई बहाना नहीं है, हम सामूहिक रूप से मैच हारे हैं। और मैं आपको फिर से बताऊंगा कि हम कभी भी एक या दो व्यक्तियों के कारण मैच नहीं हारते। मैच पूरी टीम के कारण हारते हैं। चाहे कोई अच्छा करे या नहीं, इसीलिए इसे टीम खेल कहा जाता है। यदि यह एक व्यक्ति होता, कोई भी किसी को भी दोष दे सकता है और सब कुछ दूसरों से निकाला जा सकता है, लेकिन आपको बैठकर सोचना होगा कि गलतियाँ कहाँ हो रही हैं, कैसे हो रही हैं, क्यों हो रही हैं और आपको इसे सुलझाना होगा।" इमाद ने कहा, आयरलैंड के खिलाफ मैच के बाद - हम बैठेंगे और बात करेंगे और फिर फैसला करेंगे। मैं कुछ भी गुप्त रूप से नहीं करता। मैंने पिछली बार रिटायर होने पर सभी को बताया था - अगर कुछ होगा, तो मैं आकर सभी को बताऊंगा। उन्होंने आगे अपने साथियों और देशवासियों की उनके खराब प्रदर्शन पर निराशा को स्वीकार किया और कहा कि टीम को अपनी सफेद गेंद की रणनीति पर फिर से विचार करने की जरूरत है। जब आप गिरते हैं, तो आप कैसे उठते हैं और दुनिया के सामने कैसे आते हैं? और आप कैसे प्रतिक्रिया करते हैं? यही हमें अभी देखना है।

ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को हराया, इंग्लैंड सुपर-8 में पहुंचा

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)। ऑस्ट्रेलिया ने देर से वापसी करते हुए स्कॉटलैंड को भारतीय समयानुसार रविवार को ग्रुप बी मुकाबले में पांच विकेट से हराकर उसकी क्वालीफाइंग उम्मीदों का अंत कर दिया जबकि ऑस्ट्रेलिया की इस जीत से इंग्लैंड को टी 20 विश्व कप के सुपर-8 में प्रवेश मिल गया। स्कॉटलैंड को आगे बढ़ने और इंग्लैंड की खिताब बचाने की उम्मीदों का अंत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराने की जरूरत थी। स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन का मजबूत स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आखिरी ओवर तक जूझना पड़ा और उसने 19.4 ओवर में जाकर जीत हासिल की। मार्कस स्टॉयनिस और ट्रेविस हेड ने अर्धशतक बनाये और चौथे विकेट के लिए 44 गेंदों में 80 रन की साझेदारी की। स्कॉटलैंड को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित करने पर, एश्टन एगर को टीम में बुलाने का ऑस्ट्रेलिया का मास्टरस्ट्रोक अच्छा काम आया क्योंकि उन्होंने पहले ही ओवर में माइकल जोन्स को आउट कर दिया। लेकिन स्कॉटलैंड ने ब्रैंडन मैकमुलेन और जॉर्ज मुन्से के माध्यम से पावरप्ले में 54 रन बनाकर शुरूआती झटके पर तुरंत काबू पा लिया। मुन्से ने 6-6-4 के शॉट लगाकर पांचवें ओवर का अंत किया, जो ग्लेन मैक्सवेल की गेंदबाजी का एक महंगा क्रम था। मैकमुलेन ने आठवें ओवर में सिर्फ 26 गेंदों पर अपने 50 रन पूरे कर लिए। इसके बाद मैक्सवेल ने नौवें ओवर में मुन्से (23 गेंदों पर 35 रन) को आउट करके महत्वपूर्ण विकेट हासिल किया, जिससे 89 रन की साझेदारी समाप्त हुई। ड्रिंक्स ब्रेक के समय स्कॉटलैंड 96/2 पर पहुंच गया और फिर कप्तान रिची बेरिंगटन एक चौके के साथ एक्शन में शामिल हो

गए। इन-फॉर्म स्पिनर एडम जम्पा ने मैकमुलेन (34 गेंदों में 60) को आउट किया, और मैक्सवेल ने अपने अंतिम ओवर में फुल टॉस के साथ मैथ्यू क्रॉस (11 गेंदों में 18) का विकेट लिया। बेरिंगटन (नाबाद 42) ने स्कॉटलैंड की पारी को संभाला और उन्हें 180 के कुल स्कोर तक पहुंचाया क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने रन गति को धीमा करने के लिए कड़ी मेहनत की। इस प्रक्रिया में, ऑस्ट्रेलिया ने अवांछित इतिहास रचा, टी20 विश्व कप के इतिहास में छह कैचिंग मौके छोड़ने वाली पहली टीम बन गई। 180 रन का बचाव करते हुए, स्कॉटलैंड ने गेंद से शुरूआती झटका दिया, क्योंकि ब्रैड व्हील ने डेविड वार्नर को गेंद को ऊपर उठाने के लिए मजबूर किया और बेरिंगटन ने अच्छा कैच पकड़ लिया। ट्रैविस हेड ने ऑस्ट्रेलिया के लक्ष्य का पीछा रोकने के लिए पहल करने की कोशिश की। फिर मिचेल मार्श छठा ओवर शुरू होने पर डीप मिडविकेट पर कैच दे बैठे। पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 36/2 था। ऑस्ट्रेलिया का पहला छक्का सातवें ओवर में हेड की बल्ले से आया, जो 30 के पार चले गए। हालाँकि, मैक्सवेल (8 गेंदों में 11) जल्द ही मार्क वॉट की तेज घूमती गेंद पर आउट हो गए, जो ऑफ स्टंप पर लगी। क्रीज पर मार्कस स्टॉयनिस के आने के साथ ड्रिंक्स तक ऑस्ट्रेलियाई टीम 74/3 थी। ड्रिंक्स ब्रेक के बाद, हेड और स्टॉयनिस ने 12 चौकों की मदद से 80 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाई। हेड 50 रन पर पहुंचे लेकिन लॉन्ग ऑफ पर जोन्स द्वारा कैच किए जाने से पहले 16वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 140/4 था। फिर, स्टॉयनिस ने अपनी शक्तिशाली हिटिंग जारी रखते हुए मोर्चा संभाला। रिवर्स स्वीप के प्रयास में बोल्ड होने से पहले उन्होंने 29 गेंदों पर 59 रन बनाए। बाद में, टिम डेविड (14 गेंद पर नाबाद 24) ने 17वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया के लक्ष्य को रन-ए-बॉल पर ला दिया। बहुत सारे विकेट हाथ में रहते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने दो गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली, जिससे इंग्लैंड को बहुत फायदा हुआ। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारी हार के बाद ओमान पर शानदार जीत और स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरूआती मैच में हार ने गत चैंपियन इंग्लैंड को खतरनाक स्थिति में छोड़ दिया था और नामीबिया के खिलाफ जीत भी पर्याप्त नहीं थी क्योंकि उनका भाग्य ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच परिणाम पर निर्भर था। अगर स्कॉटलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया होता, तो इससे इंग्लैंड की खिताब बचाने की उम्मीदें खत्म हो जातीं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा उलटफेर नहीं होने दिया।

शरत, मनिका फ्रैंचाइजी टीमों द्वारा रिटेन किए जाने वाले शीर्ष भारतीय सितारों में शामिल

नई दिल्ली। अनुभवी खिलाड़ी अचंत शरत कमल और मनिका बत्रा उन पांच भारतीय पैडलरों में शामिल हैं जिन्हें अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) 2024 से पहले उनकी संबंधित फ्रैंचाइजी द्वारा रिटेन किया गया है। यूटीटी का आगामी सीजन 22 अगस्त से 7 सितंबर तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। पिछले सीजन की उपविजेता चेन्नई लायंस ने दिग्गज शरत कमल की सेवाएं बरकरार रखीं हैं जबकि बेंगलुरु स्मैशर्स ने सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय मनिका बत्रा के साथ खिताबी प्रयास जारी रखने का विकल्प चुना है। इस फ्रैंचाइजी ने आगामी सीजन के लिए अपने शीर्ष पैडलरों को साथ बनाए रखने को प्राथमिकता दी है। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीता दानी द्वारा प्रमोटेड यह फ्रैंचाइजी बेस्ड लीग 2017 में अपनी स्थापना के बाद से भारतीय टेबल टेनिस के लिए एक गेम-चेंजर रही है। पहली बार यह आठ टीमों की लीग होगी, जो युवा भारतीय पैडलर्स को दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। इस महत्वपूर्ण विस्तार का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा के मानक को ऊपर उठाना और खेल की उभरती प्रतिभाओं के विकास को बढ़ावा देना है। गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स ने हरमीत देसाई को अपने साथ बरकरार रखा है। हरमीत ने पिछले सीजन में गोवा चैलेंजर्स की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जबकि जी सत्यन दबंग दिल्ली टीटीसी के साथ बने रहेंगे। यू मुंबा टीटी ने भी प्रतिभाशाली युवा मानव ठक्कर के साथ अपने करार को एक और सीजन के लिए बढ़ा दिया है। यूटीटी प्रमोटर्स नीरज बजाज और वीता दानी ने एक संयुक्त बयान में कहा, पिछले कुछ वर्षों में, फ्रेंचाइजियों ने न केवल खिताब जीतने की कोशिश की है, बल्कि अपने स्टार खिलाड़ी के इर्द-गिर्द अपनी टीम का मूल निर्माण करने पर भी ध्यान केंद्रित किया है। यूटीटी 2024 के लिए खिलाड़ियों को बनाए रखने में भी यही विचार प्रक्रिया दिखाई देती है, क्योंकि हम देखते हैं कि पांचों फ्रेंचाइजी एक और सीजन के लिए अपने स्टार खिलाड़ियों को बरकरार रखे हुए हैं। लीग के नियमों के अनुसार, छह मौजूदा फ्रेंचाइजी को एक भारतीय खिलाड़ी को बनाए रखने की अनुमति थी। पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस ने किसी भी खिलाड़ी को रिटेन नहीं करने का फैसला किया है। इसी तरह दो नई टीमों- जयपुर पैट्रियट्स और अहमदाबाद एसजी पाइपर्स प्लेयर्स ड्राफ्ट के पहले दौर में अपनी पसंद के खिलाड़ी का चयन करेंगे। पहले दौर में केवल तीन चुने जा सकेंगे।

नए सीजन की उल्टी गिनती सभी आठ फ्रेंचाइजी द्वारा कोच ड्राफ्ट से एक विदेशी और एक भारतीय कोच चुनने के साथ शुरू हुई और अब वे छह खिलाड़ियों की टीम बनाने की कोशिश करेंगे, जिसमें चार भारतीय और दो विदेशी (एक पुरुष और एक महिला) शामिल होंगे। नए सीजन में दो और टीमों को शामिल करने के कारण टूर्नामेंट के प्रारूप में भी बदलाव देखने को मिलेगा। आठ टीमों को अब चार-चार टीमों के दो ग्रुप में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक फ्रैंचाइजी लीग चरण के दौरान पांच मुकाबले खेलेगी, जिसमें वे अपने-अपने ग्रुप की अन्य तीन टीमों और दूसरे ग्रुप से रैंडम रूप से चुनी गई दो टीमों का सामना एक बार करेंगे। इसके बाद प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

इंग्लैंड ने नामीबिया को हराया

नार्थ साउंड (एंटीगा)। इंग्लैंड ने भारतीय समयानुसार शनिवार को नामीबिया को डकवर्थ लुइस नियम के तहत 41 रन से हरा दिया। बाद में ऑस्ट्रेलिया के स्कॉटलैंड को हराने के कारण इंग्लैंड को टी 20 विश्व कप में सुपर आठ का टिकट मिल गया। मध्य पारी के दौरान बारिश के कारण मैच को 11 ओवर से घटाकर 10 ओवर कर दिया गया। हैरी ब्रुक के 20 गेंदों पर 47 रन की मदद से गत चैंपियन इंग्लैंड ने डकवर्थ लुइस नियम के तहत नामीबिया के सामने जीत के लिए 127 रन का लक्ष्य रखा। बारिश के कारण लंबे समय तक विलंब के बाद, जब खेल अंततः शुरू हुआ, तो दूसरे ओवर में रूबेन ट्रम्पेलमैन ने जोस बटलर को शून्य पर बोल्ड कर दिया, और अगले ओवर में फिल साल्ट डेविड विसे का शिकार बन गए, जिससे इंग्लैंड का स्कोर 13/2 हो गया। फिर, जॉनी बेयरस्टो और ब्रुक ने 56 रनों की ठोस साझेदारी करके पारी को संभाला, इससे पहले कि बेयरस्टो बर्नार्ड शोल्ट्ज की गेंद पर विकेटकीपर जेन ग्रीन के हाथों कैच आउट हो गए। बारिश के कारण इंग्लैंड का खेल 82/3 पर रुका और जब वे मैदान पर लौटे तो ब्रुक को मोईन अली (16) और बाद में लियाम लिविंगस्टोन का समर्थन मिला, जो चार गेंदों का सामना

करके 13 रन बनाकर पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट हो गए। बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए, नामीबिया के सलामी बल्लेबाज ने माइकल वान लिंगन और निकोलस डेविन के साथ मजबूत शुरूआत की और छठे ओवर के अंत में डेविन के रिटायर होने से पहले 44 रन की साझेदारी की। इसने विसे को क्रीज पर ला दिया, शीर्ष क्रम में पदोन्नत किया, आदिल राशिद की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाया। लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वही किया जो करना चाहिए था, नामीबिया को 84/3 पर रोक दिया। ब्रुक ने अंतिम ओवर में क्रिस जॉर्डन की गेंद पर वैन लिंगेन और जोफ्रा आर्चर की गेंद पर विसे को आउट करने में अहम भूमिका निभाई और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। संक्षिप्त स्कोरः इंग्लैंड 10 ओवर में 122/5 (हैरी ब्रूक 47*, जॉनी बेयरस्टो 31; रुबेन ट्रम्पेलमैन 2-31); नामीबिया 10 ओवर में 84/3 (माइकल वैन लिंगन 33, डेविड विसे 27; जोफ्रा आर्चर 1-15)

रोहित, कोहली सुपर-8 में भी ओपनिंग करना जारी रखें : वसीम जाफर

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय ओपनर वसीम जाफर ने कहा है कि विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा को टी 20 विश्व कप के ग्रुप चरण में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद सुपर-8 दौर में भी ओपनिंग करना जारी रखना चाहिए। टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद जाफर का मानना है कि यह अनुभवी जोड़ी सुपर-8 में अपनी फॉर्म हासिल कर लेगी। भारत का सुपर-8 में पहला मुकाबला अफगानिस्तान से 20 जून को बारबाडोस में होगा। जाफर की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आयी है जब कोहली और रोहित दोनों को टूर्नामेंट में अपनी फॉर्म से संघर्ष करना पड़ा है। आईपीएल 2024 में अपने जबरदस्त प्रदर्शन के बाद विश्व कप में उतरे कोहली तीन पारियों में मात्र पांच रन बना पाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर

पाकिस्तान के खिलाफ चार रन रहा है। इसी तरह रोहित तीन पारियों में कुल 68 रन जुटा पाए हैं। उनकी एकमात्र उल्लेखनीय पारी आयरलैंड के खिलाफ 52 रन की रही है। जाफर ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए, कोहली और रोहित के हालिया संघर्ष के बावजूद अनुभवी जोड़ी के साथ बने रहने के महत्व को रेखांकित किया। जाफर ने कहा, अब जब आप उन दोनों के साथ फंस गए हैं, तो मुझे नहीं लगता कि इसका कोई मतलब होगा कि आप उन दोनों को विभाजित कर दें। आप शायद यशस्वी जयसवाल को खेलाने के बारे में सोच सकते हैं। शायद आप यही सोच रहे हैं, और फिर ऋषभ पंत, जिन्होंने नंबर तीन पर इतना अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें निचले क्रम में भी बल्लेबाजी करनी होगी, शायद नंबर चार पर। फिर कहां होगा सूर्यकुमार यादव का बल्लेबाजी क्रम? तो इससे पूरा बल्लेबाजी क्रम गड़बड़ा जाएगा, इसलिए मुझे लगता है कि वे शायद इसी पर कायम रहेंगे। जाफर ने इस बात पर जोर दिया कि बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल से और जटिलताएं हो सकती हैं, जिससे ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव जैसे प्रमुख खिलाड़ियों की भूमिकाएं बाधित हो सकती हैं। पंत, जो तीसरे नंबर पर प्रभावी रहे हैं, और यादव, जो अपने क्रम में अच्छा कर रहे हैं, ऐसे बदलावों से उनके योगदान में बाधा आ सकती है।

एशियाई टीम स्क्वैश में भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष टीम छठे स्थान पर रही

डालियन (चीन)। भारतीय महिला टीम रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वैश चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम को छठा स्थान मिला। महिला टीम ने पांचवें और छठे स्थान के लिए स्थान निर्धारण मैच में ईरान को 2-0 से हराया। रथिका सुथनथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने आसान जीत हासिल की। हालाँकि, पुरुष टीम दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार गई, जिसमें वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत दर्ज की, जबकि सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल मामूली अंतर से हार गए।

भारतीय परिणामः

पुरुषः भारत दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार गया (वेलावन सेंथिलकुमार ने जियोंगमिन रियू को 11-5, 11-1, 11-4 से हराया; सूरज कुमार चंद मिनवूली से 11-7, 11-13, 9-11, 8-11 से) और ओम सेमवाल जूयॉन्ग ना से 9-11, 6-11, 9-11) से हार गए।

महिलाएंः भारत ने ईरान को 2-0 से हराया (रथिका सुथनथिरा सीलन ने फेरेश्तेह एघटेदारी को 11-5, 11-9, 11-7 से और पूजा आरती रघु ने परमिन नेकोपयंतक को 11-5, 11-7, 12-10 से हराया)।

मेवाड़ प्रीमियर लीग की ट्रॉफी का अनावरण

उदयपुर (राजस्थान)। काफी समय से क्रिकेट प्रेमी जिस लीग का इंतजार कर रहे थे वो अब खत्म होने को है। 19 जून से वंडर क्रिकेट एकेडमी के शिकारबाड़ी क्रिकेट ग्राउंड में शुरू हो रही इस बहुप्रतीक्षित लीग की ट्रॉफी का अनावरण किया गया। समारोह में राजस्थान सरकार के सहकारिता और नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम जी दक की उपस्थिति ने इसमें चार चांद लगा दिए। मेवाड़ प्रीमियर लीग के अध्यक्ष मनोज चौधरी और 100 स्पोर्ट्स के संस्थापक रवींद्र भाटी के साथ-साथ उदयपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन (यूडीसीए) के अन्य सदस्यों सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। इसके अलावा पेसिफिक हॉस्पिटल एंड यूनिवर्सिटी के एमडी राहुल अग्रवाल

और रॉकवुड स्कूल के एमडी दीपक शर्मा भी उपस्थित रहे। ट्रॉफी अनावरण समारोह के दौरान यूडीसीए के पीआरओ आर चंद्रा ने सभी चीजों का जायजा लिया। मेवाड़ प्रीमियर लीग के बारे में गौतम जी ने कहा, इस वक्त देश में खेल के प्रति लोगों का रोमांच बढ़ चढ़ कर बोल रहा है। जिसको बढ़ावा देने में यूडीसीए और रवींद्र भाटी के मार्गदर्शन में 100 स्पोर्ट्स बहुत अच्छा काम कर रहा है और मैं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं। मैं चाहता हूं सभी एक साथ आएं और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर खेल को बढ़ावा दें ताकि मेवाड़ प्रीमियर लीग के बाद झीलों का शहर कहा जाने वाला उदयपुर खिलाड़ियों के शहर के नाम से भी जाना जाए। यूडीसीए की देखरेख में 100 स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित इस लीग में मेवाड़ के विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह टीमें हिस्सा लेंगी। अशोक शर्मा, शुभम गढ़वाल, मोहित जैन, आदित्य गढ़वाल जैसे खिलाड़ी टूर्नामेंट में शामिल होंगे। 19 जून से 28 जून तक वंडर क्रिकेट अकादमी शिकारबाड़ी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित मेवाड़ प्रीमियर लीग में डे और नाइट दोनों ही मैच खेले जाएंगे। मेवाड़ प्रीमियर लीग सिर्फ एक क्रिकेट का प्लेटफार्म ही नहीं बल्कि इसका उद्देश्य युवा प्रतिभा को बढ़ावा देना और खेल प्रेम के माध्यम से सभी समुदायों को एकजुट करके ऐसी यादें संजोना है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर सके।

कनाडा के खिलाड़ियों को द्रविड़ ने दी खास सलाह

नई दिल्ली। भारत और कनाडा के बीच खेला जाने वाला टी20 विश्व कप 2024 का 33वां मैच बारिश की वजह से बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हो गया। अब भारतीय टीम सुपर-8 में अफगानिस्तान से भिड़ेगी। यह मैच 20 जून को खेला जाएगा। शनिवार को मुकाबला रद्द होने के बाद भारतीय टीम ने कनाडा की टीम से मुलाकात की। वहीं, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कनाडा के खिलाड़ियों को खास सलाह दी।

भारत बनाम कनाडा मैच रद्द

शनिवार को भारत और कनाडा के बीच फ्लोरिडा में होने वाला मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना रद्द घोषित कर दिया है। इस मुकाबले में टॉस भी नहीं हो सका और अंपायर ने दो बार मैदान का निरीक्षण करने के बाद मुकाबले को रद्द करने का फैसला किया। फ्लोरिडा में मैच से पहले काफी बारिश हुई थी जिस कारण मैदान गीला था। मैदानकर्मियों ने मैदान को सुखाने की काफी कोशिश की, लेकिन उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। मौजूदा टी20 में यह चौथा मुकाबला जो बारिश की भेंट चढ़ गया।

कनाडा के ड्रेसिंग रूम में पहुंचे द्रविड़

भारत बनाम कनाडा मैच रद्द होने के बाद टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ विरोधी टीम के ड्रेसिंग रूम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इसका वीडियो आईसीसी ने साझा किया। इसमें देखा जा सकता है कि कनाडा की टीम ने पूर्व खिलाड़ी को साइन की हुई जर्सी भेंट की। द्रविड़ ने कहा, मैं इस टूर्नामेंट में आप लोगों द्वारा दिए गए शानदार योगदान और प्रदर्शन की सराहना करता हूं। मुझे लगता है कि हम सभी जानते हैं कि इस खेल को खेलने के लिए आपको किन संघर्षों और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह आसान नहीं है। मैं बस इतना ही कहूंगा कि इसे आगे बढ़ाते रहें। आप लोग प्रेरणा दे रहे हैं, न केवल अन्य लोगों को बल्कि मुझे यकीन है कि आप अपने देशों में युवा लड़कों और लड़कियों को भी प्रेरित कर रहे हैं।

स्मृति मंधाना 7000 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाली दूसरी भारतीय महिला बनीं

बेंगलुरु। भारतीय महिला टीम की ओपनर स्मृति मंधाना दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरु में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को पहले वनडे के दौरान 7000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय महिला बन गयी हैं।

मंधाना ने पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद यह उपलब्धि हासिल की है। मिताली ने अपने शानदार करियर में सभी फॉर्मेट में 10,868 रन बनाये थे।

मंधाना के बाद सबसे करीबी मौजूदा भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं जिन्होंने अब तक 6,870 रन जुटा लिए हैं।

भारतीय ओपनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में 127 गेंदों में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 117 रन बनाये जो घरेलू जमीन पर उनका पहला और कुल छठा शतक है।

इस बीच दीप्ति शर्मा ने अपनी 37 रन की पारी के दौरान 200 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 2000 वनडे रन पूरे कर लिए हैं।

गंगा दशहरा मेले पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर लगा जाम, डीएम-एसपी कर रहे निगरानी

हापुड़, करंट क्राइम। ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर लाखों श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर छोटे बच्चों का मुंडन कराया और गंगा पूजन भी किया गया। इस दौरान हर-हर गंगे के जयघोष से घाट गूंजते रहे। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हुए थे।

विभिन्न राज्यों के लाखों श्रद्धालु आए

मंगलवार को सभी दस लक्षणों से युक्त गंगा दशहरे का पर्व धूमधाम से मनाया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन मां गंगा भगवान शिव की जटाओं से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। सुबह चार बजे ब्रह्म मुहूर्त में ही श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर पहुंचकर स्नान प्रारंभ कर दिया। दिन भर गंगा भक्तों की भीड़ ब्रजघाट के गंगा घाट पर पहुंचती रही और मां गंगा के जयघोष के बीच आस्था की डुबकी का क्रम चलता रहा।

गंगा दशहरा पर्व पर ब्रजघाट, पुष्पावती पूठ और लठीरा के तटों पर श्रद्धालुओं की जमघट लगा रहा। स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं में हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली प्रांतों समेत मेरठ, नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अमरोहा, मुरादाबाद समेत आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं की संख्या सर्वाधिक रही। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने दीपदान भी किया।

सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे

गंगा स्नान को लेकर पुलिस प्रशासन पिछले कई दिनों से सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़ी मेहनत कर रहा था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल ने घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की गई।

गाजियाबाद में रेल पटरी पर मिले 3 युवकों के शव

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर इलाके में रविवार तड़के रेल पटरी पर तीन युवकों के शव मिले। तीनों दिल्ली के रहने वाले थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ये हत्या है या हादसा, इस पर पुलिस की जांच जारी है।

आरपीएफ लोनी के प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार सुबह 5 बजे एक पैसेंजर ट्रेन सहारनपुर से दिल्ली की तरफ जा रही थी। इस हादसे के बाद ट्रेन को कुछ देर के लिए लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में नहर रेलवे अंडरपास के नजदीक रोकना पड़ा। मृतकों की उम्र 20 से 25 साल के बीच है। लोनी बॉर्डर थाना प्रभारी ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों से दो कीपैड मोबाइल बरामद हुए। इससे इनकी पहचान गुड्डू और देवेश निवासी संगम विहार दिल्ली व आसिफ निवासी राधा विहार दिल्ली के रूप में हुई है। तीनों मेहनत-मजदूरी करते थे। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया ये हादसा प्रतीत होता है। ऐसा लग रहा है, जैसे तीनों रेलवे ट्रैक किनारे चल रहे थे और ट्रेन की चपेट में आकर पटरी पर गिर गए। बाकी अन्य बिंदुओं पर भी जांच पड़ताल की जा रही है। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। इस बारे में ट्रेन के लोको पायलट का भी बयान दर्ज किया जाएगा। तीनों युवकों के शव रेल पटरी के बीचोंबीच आसपास ही पड़े हुए थे। कुछ लोग हत्या की आशंका भी जता रहे हैं।

निकल गई चार जून और फायर उगलता फ्लावर हो गया कूल

सरकार वालों की भी बड़ी आफत है कि सुन कोई नही रहा और वो सुना पूरे जोर से रहे हैं। ठेले वाले ने फूल वाला मेंबर बंद करा दिया और अफसर ने अपने दरवाजे भी उनकी मुखिया की बात सुनने के लिये भी बंद कर लिये। मुखिया ने गुस्से की ज्वाला में एलान किया आई विल सी यू आफ्टर चार जून। इधर विधायक जी ने मोर्चा खोल दिया और लगातार लैटर बम दागे। क्रांतिवीर की पीर ये कि जिनके दम पर मोर्चा खोल रहे थे वो साईलेंट मोड में आ गये। कहने वाले ने कहा कि फूल वाले तो बेमतलब में तूल दे रहे हैं वरना इनकी हूल में साहब ना पहले आये ना अब आने वाले। वो तो पहले वाली बुआ थी जिसने कप्तान ही संस्पेंड करा दिया था इन वाली से तो तबादला ना हो पाया और अब तो चार से 16 जून आ ली। कहने वाले ने कहा कि विधायक जी को पता नही है कि बाबा ने तो हूटर भी उतरवाने को कहा है और वो डिमांड कर रहे हैं आधा दर्जन गनर की। बहरहाल फायर उगलता फ्लावर भी कूल हो गया और लैटर बम वालों से लेकर चार जून के बाद का एलान करने वालों तक सब ने देखा कि चार जून भी निकल गई और आचार संहिता भी खत्म हो गई लेकिन फूल वाले इतने लाचार कभी नही दिखे।

लेने देने में कौन है ज्यादा बदनाम तो नदिया पार से आयेगा नाम

कुछ तो आग है ये धुंआ ऐसे ही तो नही उठ रहा है। निगम सदन तो पहले भी रहे हैं लेकिन ऐसा कोहराम इस बार ही क्यों मच रहा है। निगम की बगिया में इस पार से लेकर उस पार तक फूल ही फूल खिले हुये हैं। जेल भी फूल जा रहा है और खेल भी फूल ही खेल रहा है। पैंठ बाजार में दो फूल मिलकर टेबल गिन रहे हैं और मथंली ले रहे हैं। एक फूल ने तो वार्ड में ठिया लगाने के ही रेट फिक्स कर दिये हैं और कह दिया कि जिसे टू मच लग रहा हो वो किच किच ना करें और अगला मौहल्ला देख ले। हम क्या जनसेवा अपने घर से करेगें। बड़ी बात ये है कि फूल वालों पर नजर भी फूल वाले ही रख रहे हैं और कहां से कितना आया इसकी पूरी खबर रख रहे हैं। बात ये चली कि जैसे थानों के बारे में कहा जाता है कि वो मलाईदार थाना है तो ऐसे ही वार्ड के बारे में सर्वे कराया जाये तो क्या होगा। फूल वाले ने ही कि मलाईदार थाना भी वहीं से और वार्ड में खाना कमाना भी वहीं से होगा। साहिबाबाद थाना पहले से ही टॉप पर है और लेने देने की बात तो ये है कि इस कोने से ले लो या उस कोने से मगर नाम तो नदिया पार से ही आयेगा। यहां के मेंबर तो उगाही की सर्जिकल स्ट्राईक तक कर लेते हैं।

सुनो चिकित्सक संत तुम्हारी सियासी पारी का यही होना था अंत

वो कानो के डाक्टर हैं लेकिन उन्हें कानो कान भनक नही लगी कि उनकी पालिटिक्ल ख्वाहिशों के साथ खेला क्या हो रहा है। सोशल वर्क के साथ साथ वो सियासी रूप से भी अवेयर हो रहे थे। अब कोई उन्हे समझाता था कि नोएडा में डाक्टरों को पालिटिक्स रास आ जाती है मगर इधर सीन ऐसा नही है। यहां तो संघ का झंडा उठाने वालों को रास यानि राज्यसभा नही मिली। मैडम पोददार को ही देख लो और इंटरेस्ट अस्पताल वाले अरोड़ा ने भी नही लिया। अब जब कान वाले डाक्टर ने त्यागपत्र का एलान किया तो इसका संज्ञान उनकी बिरादरी वाले वीआरएस प्राप्त भगवा हजारे ने लिया। उन्हे भला इंसान बताया और कहा कि ट्रैक गलत चुन लिया। पूरे गेम को वॉच कर रहे सियासी ऐनेलिस्ट ने कहा कि सुनो चिकित्सक संत तुम्हारी सियासी पारी का यही होना था अंत।

गंगनहर है श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र, गंगा दशहरा पर लगी भीड़

मुरादनगर, करंट क्राइम। नगर क्षेत्र स्थित गंगनहर में गंगा दहशरा पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। सुबह सबेरे से ही लोग स्नान करने के लिए घाट पर आने शुरू हो गए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। गंगा दशहरा पर गंगनहर स्थित शनि मंदिर घाट पर रविवार सुबह तीन बजे से ही स्नान करने के लिए लोग आने शुरू हो गए। सात बजे तक घाट पर पैर रखने की जगह भी नही रही। देर शाम तक श्रद्धालुओं का स्नान करने के लिए आना जारी रहा। लोगों ने गंगनहर में स्नान करके पूजा अर्चना भी की। गंगनहर के आसपास भीड़ ही भीड़ दिखाई दे रही थी। महिला चेजिंग रूम ना होने के कारण महिलाओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। घाट पर सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। एसीपी मसूरी सर्किल नरेश कुमार व थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोलंकी गंगनहर पर तैनात रहे। उधर गंगनहर पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने अपने अपने वाहन सड़क पर आड़े तिरछे खड़े कर दिए। इसके चलते दिल्ली मेरठ मार्ग पर जाम लग गया। जाम के कारण वाहनों की लम्बी लाइन लग गई। मेरठ व दिल्ली जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस जाम खुलवाने में लगी रही, लेकिन शाम तक जाम से राहत नहीं मिली।

अस्पताल में भर्ती अज्ञात महिला की मौत

मुरादनगर करंट क्राइम। नगर क्षेत्र में दस दिन पूर्व गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराई गई महिला ने रविवार को दम तोड़ दिया। पुलिस महिला के शिनाख्त के प्रयास कर रही है। बता दें कि पांच जून को एक महिला बेहोश की हालात में सड़क पर पड़ी मिली। पुलिस ने महिला को मुरादनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर महिला को गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। रविवार को महिला ने गाजियाबाद के अस्पताल में दम तोड़ दिया। डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी लगने से महिला की मौत हुई है। पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

किशोर का इलाज किया गलत, काटनी पड़ी अंगुली

मुरादनगर, करंट क्राइम। नगर क्षेत्र में रावली रोड स्थित एक निजी अस्पताल पर गलत इलाज करके अधिक बिल वसूलने का आरोप लगा है। गलत इलाज के चलते किशोर की एक अंगुली काटनी पड़ी। अब पीड़ित परिवार स्वास्थ्य विभाग में शिकायत करने की बात कह रहा है। रावली रोड निवासी अनवर अपने 14 साल के पुत्र अयान के साथ बाइक पर जा रहे थे। सड़क हादसे में अयान का हाथ जख्मी हो गया। परिजनों ने अयान को रावली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि डॉक्टरों ने हाथ की अंगुली के ऑपरेशन करने की बात कही। बताया गया कि पांच घंटे से अधिक समय तक ऑपरेशन किया गया और बिल 18 हजार रुपए थमा दिया। अधिक बिल का जब विरोध किया तो गाली गलौच की गई। इसके बाद किसी अन्य डॉक्टर को जब दिखाया गया तो वहां पर बताया गया कि गलत इलाज किया गया। गलत इलाज के कारण अयान की अंगुली काटनी पड़ी।

गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल में स्वीपर और वार्ड ब्वॉय बने डॉक्टर, मरीजों की खुद करते है शुगर व बीपी की जांच

गाजियाबाद, करंट क्राइम। स्वीपर (सफाईकर्मी) और वार्ड ब्वॉय आजकल डॉक्टरों की भूमिका निभा रहे हैं। ये स्वीपर और वार्डब्वॉय वह सब करते हैं, जिसके लिए इन्हीं अस्पतालों में मोटी पगार पा रहे एमबीबीएस डॉक्टर व मेडिकल स्टाफ रखे गए हैं।

अभी हाल ही में विजय नगर की एक महिला ने शिकायत दी थी कि जिला एमएमजी अस्पताल के वार्ड बॉय बाहर की दवा लिख रहे हैं। बीमार गरीबों के लिए एक ही सहारा होता है सरकारी अस्पताल। लेकिन गाजियाबाद जिला के एमएमजी सरकारी अस्पताल में डॉक्टर नहीं बल्कि सफाईकर्मचारी और वार्ड ब्वॉय मरीजों को देख रहे हैं। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसमें यहां के स्वीपर (सफाईकर्मी) और वार्ड ब्वॉय मरीजों की जांच कर रहे हैं। सफाई कर्मचारी बीपी और शुगर चैक कर रहा है। गाजियाबाद के जिला अस्पताल के ये स्वीपर और वार्डब्वॉय वह सब करते हैं जो काम डॉक्टरों को करना है। इस सच्चाई का सबसे ज्यादा खतरनाक पहलू यह बताया जाता है कि यह सब अस्पताल के एनसीडी विंग की चिकित्सा अधिकारी की अस्पताल में मौजूदगी के दौरान हुआ है। अब जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी इस मामले में जांच कर कार्यवाही की बात कर रहे हैं। सूत्रों से पता लगा सफाई कर्मचारी को स्टाफ द्वारा सफाई के लिए बोला जाता है तो कहते है काम बहुत है टाइम नही है वहीं मरीजों को देखने और डॉ की भूमिका निभाने के लिए इनके पास टाइम ही टाइम है। सरकारी अस्पताल अनदेखी का शिकार है। सफाईकर्मी व वार्ड ब्वाय इलाज कर रहे हैं। जिला प्रशासन को संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

एनसीडी विंग में अरुण सफाई कर्मी शुगर व बीपी की जांच करते हुए व मेक वार्ड बॉय भी शुगर बीपी की जांच करते हुए

अस्पताल में फैली गंदगी

नोएडा में लिव इन फ्रेंड के साथ की 200 वारदात: नौ साल से एक दूसरे के साथ, पहली पत्नी को छोड़ बन गया मोस्ट वांटेड, ठक-ठक गैंग का सदस्य

नोएडा, करंट क्राइम। नोएडा में मुठभेड़ के बाद गिरफ्त में आया दीपक अपनी लिव इन फ्रेंड नेहा की मदद से ही चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। करीब नौ साल पहले दोनों करीब आए और दोनों लिवइन में रहने लगे। इस बीच दीपक ने अपनी पत्नी कविता को तलाक दे दिया। नेहा ठाकुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नेहा का काम सेक्टर और सोसाइटी में घूमकर कार की रैकी करना था। रैकी के बाद वो फोन पर दीपक को कार का नंबर और लोकेशन बताना था। दीपक गैंग घटना करता था।

नेहा का काम यहां खत्म नहीं होता था। चोरी के माल को ठिकाने लगाना उसे बेचने तक की जिम्मेदारी नेहा की थी। एक बार लैपटॉप या मोबाइल मिलने पर वो गैंग के दूसरे साथी जितेंद्र से संपर्क करती थी। जितेंद्र लैपटॉप रिपेयर का काम करता है। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया है। जितेंद्र को वो लैपटॉप बेच देती थी। उससे पैसा लेती और दीपक को देती थी। इसी तरह गिरोह के अन्य लोगों का मॉल भी नेहा की बेचती थी। पूछताछ में दीपक ने बताया कि शक न हो इसलिए वो नेहा को ही मॉल बेचने और रैकी करने भेजता था। ये सभी ठक-ठक गिरोह के है।

पुलिस ने बताया दीपक का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। वो अब तक 200 वारदातों को अंजाम दे चुका है। नेहा का साथ मिलने पर उसने वारदात तेजी से करना शुरू किया था। शनिवार को भी वो रैकी की गई कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप चुराने जा रहा था। इस बीच पुलिस की उसके साथ मुठभेड़ हो गई और उसे और उसके साथी तरुण को गिरफ्तार किया।

पांच रुपए के सिक्के से तोड़ता था कार का शीशा

घायल बदमाश दीपक ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों के शीशों को गुलेल व लोहे की गोलियों की मदद से तोड़कर अंदर रखा लैपटॉप समेत अन्य सामान चोरी करता है। कभी-कभी कार का शीशा तोड़ने के लिए पांच रुपए के सिक्के का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा लोहे के छर्रे का इस्तेमाल भी करते थे। चोरी के लैपटॉप समेत अन्य सामान को दीपक की पत्नी नेहा गिरोह के ही सदस्य जितेंद्र को बेचती है। सिक्के को गुलेल में फंसाकर आसानी से तोड़ देते थे।

शक न हो इसलिए नेहा को रैकी के लिए भेजते थे

घायल बदमाश दीपक की लिव इन फ्रेंड नेहा रैकी करती थी। महिला होने के कारण जब वह गाड़ियों के आसपास घूमती है तो किसी को शक नहीं होता कि वह रैकी कर रही है। कई बार पुलिस की नजर से बचने के लिए गिरोह के सदस्य लोहे की गोली की जगह जेब में पांच रुपए के सिक्के रखते हैं। गुलेल में सिक्के को फंसाकर बदमाश कुछ ही सेकेंड में कार का शीशा तोड़ देते हैं। घायल बदमाश तरुण के खिलाफ भी अलग-अलग थानों में सात केस दर्ज हैं। नेहा और जितेंद्र का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

दिन में तीन से आठ वारदातों को देता था अंजाम

एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि दीपक सेक्टर-39 और हापुड़ पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में कई बार घायल हो चुका है। वह कई बार जेल भी जा चुका है। जेल से बाहर आते ही वह फिर से वारदात करना शुरू कर देता है। रेकी और चोरी के सामान का निपटारा करने का जिम्मा नेहा पर रहता है। दीपक और तरुण के खिलाफ नोएडा पुलिस गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई करने की बात कह रही है। दोनों की चल और अचल संपत्ति की पहचान कर उसे कुर्क किया जाएगा।

जनसेवा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गंगा दशहरा पर्व पर आरंभ एक पहल संस्था द्वारा भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश से आईस क्रीम वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की चेयर पर्सन पल्लवी शर्मा, सार्थक कौशिक, साकार कौशिक, मयंक वत्स, शांतनु शर्मा, रमा गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे।

बुजुर्ग को ईद की शॉपिंग के लिए निकालने थे पैसे, जालसाज ने एटीएम कार्ड बदल एक लाख से ज्यादा रुपये निकाले

गाजियाबाद, करंट क्राइम। मसूरी क्षेत्रांतर्गत एक रिटायर्ड अध्यापक ईद की खरीदारी के लिये एनएच नौ मसूरी स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गये। पैसे नहीं निकलने पर वहां पहले से मौजूद एक व्यक्ति ने हेरफेर कर वृद्ध अध्यापक का एटीएम कार्ड बदल दिया और 60 हजार की शापिंग तथा खाते से पांच बार में 50 हजार निकाल लिये। अध्यापक को घर जाकर पता चला तो उन्होंने बैंक एकाउंट बंद कराकर पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाई करने की गुहार लगाई है। साईबर सैल में भी शिकायत दी गई है।

क्या डीसीपी स्तर पर होगा फेरबदल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इन दिनों एक के बाद एक नई चर्चा सुनने को मिल रही है। ताजा चर्चा यह है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव संभव है। सूत्र बता रहे हैं कि अगर उच्च अधिकारियों के तबादले होते हैं, तो इसका असर डीसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में भी देखने को मिल सकता है। बेहद विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि एक डीसीपी साहब कमिश्नरेट से बाहर जाने का पूरा-पूरा मन बना चुके हैं। तो एक डीसीपी साहब मेडिकल वाली लीव पर चल रहे हैं। इन दोनों के नाम की चर्चा इसलिए हो रही है कि यह बीते लंबे समय से थोड़ा अनकंफरटेबल चल रहे हैं। वहीं सुनने में यह भी आया है कि अगर मामला ऊपर से भी बदलाव वाला हुआ तो तीनों जोन के डीसीपी के फेस और प्लेस बदले जा सकते हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले और लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं की तबादला एक्सप्रेस जून माह में ही रवाना होगी। इसमें कई आईपीएस अधिकारियों के सवार होने के साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को लेकर भी बड़ा बदलाव आने की पूरी संभावना है। हालांकि अभी भी लैटरवार का मैटर शांत नहीं हो रहा है। जिसके बाद कई तरीके के कयास लगाए जा रहे हैं। उधर भगवा दल वालों ने जिस तरीके से खाकी वालों के खिलाफ बैटिंग करने का प्लान बनाया है वह बेहद सॉलिड बताया जा रहा है। सूत्रों पर भरोसा करें तो इस बार पिच पर कई बड़े नाम भी फ्रंट फुट पर आ सकते हैं। उधर जिस तरीके से चुनावी सीजन के बीच कमिश्नरेट के अलग-अलग जोन में क्राइम वाला ग्राफ बढ़ा है, उसको लेकर भी कई तरीके की चर्चा हैं। हालांकि ऊपर के अधिकारियों ने लोड कम करने के लिए बीते दिनों अलग-अलग जोन में ऑपरेशन ठोकों को स्पीड पर ला दिया है लेकिन हालात अभी ठीक नहीं बताए जा रहे हैं। उधर सुनने में यह भी आ रहा है कि लखनऊ मुख्यालय में हो रही बैठकों के बाद वेस्टर्न के कई जिलों और कमिश्नरेट के अधिकारियों को अलग-अलग किया जाएगा। अगर आने वाले दिनों में तबादला एक्सप्रेस चलती है और कार्यालयों में बदलाव हुए तो अधिकारियों के फेस नए मिलेंगे। कुल मिलाकर बीते करीब 25 दिनों से जो एक के बाद एक प्रकरण सामने आ रहे हैं, उसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारियों की कुर्सी को लेकर कुछ भी कहना संभव नहीं लग रहा है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में किस स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव होता है और कौन इन और आउट किया जाता है।

भूखंड लेकर नहीं लगाया उद्योग, 400 इकाइयों को नोटिस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भूखंड लेकर तय समय में शुरू नहीं होने वाली औद्योगिक इकाइयों की बैंक गारंटी जब्त की जाएगी। जनपद में ऐसी 400 से अधिक इकाइयों की पहचान की गई है। जिला उद्योग केंद्र की तरफ से इन इकाइयों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जिन उद्यमियों ने भूखंड आवंटन के पांच वर्ष के अंदर अपनी इकाई को क्रियाशील कर दिया है, उन्हें बैंक गारंटी अवमुक्त कराने के लिए अंतिम अवसर दिया गया है। ऐसी इकाइयों के लिए एक महीने में आवेदन करना होगा।

औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2012, 2017 और एमएसएमई नीति 2022 के अंतर्गत नई औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए आवंटित भूखंड के पट्टा विलेख के समय स्टांप शुल्क में 100, 75 और 50 प्रतिशत छूट का लाभ दिया गया था। स्टांप शुल्क छूट की धनराशि के सापेक्ष आयुक्त स्टांप उत्तर प्रदेश और जिलाधिकारी के पक्ष में बैंक गारंटी बंधक रखी गई है। नियमों के अनुसार स्टांप शुल्क में छूट का लाभ प्रयोजनन की पूर्ति किए जाने यानी भूखंड पर उद्योग क्रियाशील होने पर ही प्राप्त किया जा सकता है। इसके बाद ही बैंक गारंटी को अवमुक्त कराया जा सकता है।

पांच वर्ष से ज्यादा नहीं मिलेगा समय

जिला उद्योग प्रोत्साहन व उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त श्रीनाथ पासवान ने बताया कि ऐसी 400 से अधिक इकाइयां हैं जिन्होंने स्टांप शुल्क छूट की धनराशि के सापेक्ष बैंक गारंटी बंधक रखी हुई है। इनमें कई इकाई क्रियाशील नहीं हुई और बैंक गारंटी की अवधि समाप्त हो गई। इन इकाइयों को निर्धारित पांच वर्ष से ज्यादा का समय नहीं दिया जाएगा और बैंक गारंटी जब्त की जाएगी। ऐसी भी इकाई हैं जो क्रियाशील तो हो गईं लेकिन बैंक गारंटी अवमुक्त कराने के लिए आवेदन नहीं किया। ऐसी इकाइयों को एक माह के अंदर आवेदन करने का अंतिम अवसर दिया गया है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

मेरठ। मेरठ के भावनपुर थाना क्षेत्र में युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का शिकार बनाया गया और जबरन गर्भपात कराया। पीड़िता के फोटो वायरल कर दिए गए। इससे पीड़िता की मां की सदमे से मौत हो गई। पीड़िता ने शनिवार को एसएसपी दफ्तर पहुंचकर मामले की शिकायत की है। भावनपुर क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि उसके ताऊ के बेटे की शादी हापुड़ के धौलाना क्षेत्र में हुई है। युवती का कहना है कि वहीं के रहने वाले एक युवक ने सोशल मीडिया पर युवती से दोस्ती कर ली। इसके बाद अक्सर आरोपी पीड़िता के घर आने-जाने लगा। युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया और उसके अश्लील फोटो खींच लिए। फोटो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी अक्सर युवती से दुष्कर्म करता रहा। इस बीच गर्भवती होने पर आरोपी ने युवती का गर्भपात भी कराया।

कूड़े से बनेगी बिजली और सीएनजी गैस

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण शहर के अलग-अलग हिस्सों में चार नए इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट स्थापित करने जा रहा है। इन प्लांटों का उद्देश्य शहर में उत्पन्न होने वाले गीले और सूखे कचरे का कुशल निपटान करना है। ये नए प्लांट सेक्टर 50, 75, 61 और 135 में स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक प्लांट की क्षमता 40 मीट्रिक टन होगी। इनमें गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग निस्तारण किया जाएगा। सूखे कचरे के लिए मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) केंद्र बनाए जाएंगे जबकि गीले कचरे के निपटान के लिए बायोमेथेनेशन प्लांट लगाए जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण ने एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल शहर में लगभग 600 मीट्रिक टन गीला और 160 मीट्रिक टन सूखा कचरा प्रतिदिन उत्पन्न होता है। सूखे कचरे का निपटान वर्तमान में सेक्टर-80 और 119 में किया जा रहा है। हालांकि, गीले कचरे के निस्तारण के लिए अभी कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। उन्होंने बताया कि गीले कचरे के बायोरेमिडीएशन पर प्रति मीट्रिक टन लगभग 2174 रुपये का खर्च आता है, जो काफी अधिक है। ऐसे में अधिक खर्चे को देखते हुए प्राधिकरण ने प्लांट लगाने का निर्णय लिया है। एजेंसियां सूखे कूड़े से कमाई करेंगी। गीले कूड़े से एजेंसियों के पास ग्रीन सीएनजी से लेकर बिजली बनाकर कमाई करने के विकल्प होंगे। नोएडा प्राधिकरण की ओर से मुख्य जगहों पर रात्रि के समय सफाई कार्य किया जाएगा। यह पहल न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाएगी बल्कि व्यापारियों और आम जनता के लिए भी सुविधाजनक होगी। नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकरण के फेज-दो के पुराने कोर्ट के बाजार में 10 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में सफाई होगी। इसी प्रकार सेक्टर-110 में एचडीएफसी बैंक से बीडीएस मार्केट तक के 10,230 वर्गमीटर क्षेत्र में रोजाना रात्रि सफाई की जाएगी। इसके अलावा पिलर नंबर-82 से बाजार और पुलिस चौकी से डीएससी मार्केट चौराहे के 29,500 वर्गमीटर क्षेत्र और सेक्टर-104 सर्विस रोड लाल बत्ती से मंदिर रोड और आंतरिक सड़कों पर भी सफाई कार्य होगा। यह पहल न केवल नोएडा को बदलेगी, बल्कि पूरे देश के लिए एक उदाहरण बनेगी।

भारतीय वायुसेना ने अमेरिका के अलास्का में दिखाया दम

युद्धाभ्यास रेड फ्लैग 2024 में शामिल हुआ दल

वाशिंगटन। भारतीय वायुसेना के एक दल ने अमेरिका के अलास्का में आयोजित हुए युद्धाभ्यास रेड फ्लैग 2024 में शिरकत की। यह युद्धाभ्यास अमेरिका के अलास्का के इलसन एयर फोर्स बेस पर आयोजित किया गया। यह युद्धाभ्यास 4 जून से 14 जून तक आयोजित हुआ, जिसमें अमेरिका के साथ ही भारत, सिंगापुर, ब्रिटेन, नीदरलैंड, जर्मनी की वायुसेनाएं शामिल हुईं।

साल में चार बार आयोजित होता है रेड फ्लैग युद्धाभ्यास

रेड फ्लैग 2024 का यह दूसरा संस्करण था। रेड फ्लैग युद्धाभ्यास एक एडवांस कॉम्बैट ट्रेनिंग एक्सरसाइज है। यह युद्धाभ्यास साल में चार बार आयोजित होता है। भारतीय वायुसेना के दल में राफेल फाइटर जेट और एयर क्रू के साथ ही तकनीशियन, इंजीनियर, कंट्रोलर और विषयों के विशेषज्ञ शामिल रहे। युद्धाभ्यास में शामिल होने के लिए आते वक्त राफेल फाइटर जेट को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर की मदद से हवा में ही ईंधन भरा गया। वहीं दल के सदस्यों को लाने के लिए सी-17 ग्लोबमास्टर विमान का इस्तेमाल किया गया। भारतीय वायुसेना का दल 29 मई को अलास्का स्थित इलसन एयर बेस पहुंच गया था।

रेड फ्लैग एक्सरसाइज के दौरान युद्ध जैसे हालात बनाकर अभ्यास किया गया। वांछित वातावरण के लिए बलों का सीमांकन किया गया, जिसमें रेड फोर्स ने डिफेंस किया और ब्लू फोर्स ने आक्रामण किया। इस अभ्यास में रेड फोर्स मुख्य रूप से अमेरिकी वायुसेना की एग्रेसर स्कवॉड्रन द्वारा बनाई गई थी, जिसमें एफ-16 और एफ-15 जैसे आधुनिक लड़ाकू विमान थे।

विदेशी सहायता पर निर्भरता खत्म करेगा पाकिस्तान

शहबाज बोले- ये आईएमएफ के साथ आखिरी समझौता होगा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विदेशी सहायता और अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के राहत पैकेज पर पाकिस्तान की निर्भरता समाप्त करने और आर्थिक गतिविधियों में पड़ोसी देशों से आगे निकलने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने नकदी संकट से जूझ रही सरकार के खर्चों को कम करने और अर्थव्यवस्था को फिर खड़ा करने के लिए कई साहसिक सुधारों की रूपरेखा पेश की है।

अगला समझौता आईएमएफ के साथ आखिरी होगा

शहबाज शरीफ ने शनिवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए उम्मीद जताई कि राहत पैकेज के लिए आईएमएफ के साथ अगला समझौता पाकिस्तान के इतिहास में आखिरी होगा।

शरीफ ने अपनी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए ये बात कही। पाकिस्तान सरकार वर्तमान में आईएमएफ के साथ छह से आठ अरब डॉलर के कर्ज के लिए बातचीत कर रही है। पाकिस्तान धीमी गति से चल रही अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश कर रहा है। शरीफ ने जोर देकर कहा कि हर पैसा देश और उसके लोगों की प्रगति पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने खर्च कम करने और पांच साल के भीतर युवाओं को शिक्षा और कौशल प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

आर्थिक विकास में पड़ोसी देशों से होंगे आगे

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि 'इंशाअल्लाह, यह पाकिस्तान के इतिहास में आईएमएफ का आखिरी प्रोग्राम होगा। हम अपने पैरों पर खड़े होंगे और आर्थिक विकास के मामले में अपने पड़ोसी देशों को भी पीछे छोड़ देंगे।' शरीफ ने 4 मार्च को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। शरीफ ने कहा कि 'दुनिया में ऐसे भी देश हैं, जिन्होंने एक बार आईएमएफ से मदद ली और उसके बाद उन्हें कभी भी आईएमएफ की जरूरत नहीं पड़ी। हमने आईएमएफ से 24-25 बार मदद ली है, लेकिन मैं आज आपको ये यकीन दिलाता हूं कि आईएमएफ के साथ अगला समझौता पाकिस्तान के इतिहास में आखिरी हो सकता है।'

शरीफ ने कहा कि 'अब हम दुनिया के देशों से अब व्यापार को लेकर बात करेंगे न कि कर्ज लेने को लेकर। मुझे लगता है कि इसी तरह से पाकिस्तान कर्ज के जाल से निकल सकेगा।' शरीफ ने कहा कि देश की भलाई के लिए कुछ कड़े फैसले लेने होंगे। शरीफ ने उन सभी संस्थानों, मंत्रालयों और अन्य विभागों को खत्म करने का फैसला किया, जो खजाने पर बोझ बने हुए हैं और वे जनसेवा में भी नहीं लगे हैं। इस फैसले से करदाताओं के अरबों रुपये बच सकते हैं।

कोविड-इन्फ्लूएंजा टीके के नतीजे सकारात्मक

सार्वजनिक स्वास्थ्य को फायदा 2025 तक

विशेष। मैसाचुसेट्स की दवा और जैव प्रौद्योगिकी कंपनी मॉडर्ना ने इस हफ्ते के शुरू में कोविड और इन्फ्लूएंजा के खिलाफ संयुक्त वैक्सीन के तीसरे चरण की क्लीनिकल जांच के सकारात्मक नतीजों का ऐलान किया है। दुनिया भर में कई दशकों से अन्य बीमारियों के लिए संयुक्त टीके इस्तेमाल किए जाते रहे हैं, क्योंकि इनके कई फायदे हैं।

इनसे स्वास्थ्य प्रणालियों की लागत में कमी तो आती ही है, भंडारण की जरूरत भी कम पड़ती है और लोगों की जेब पर भारी नहीं पड़ते हैं। खास तौर से संयुक्त टीके कम आय वाले देशों में बेहद काम के साबित हो सकते हैं। शोध बताते हैं कि यह टीके लोगों के नियमित टीका लगाने की संभावना बढ़ाते हैं। मॉडर्ना का कोविड और

इन्फ्लूएंजा का संयुक्त टीका एमआरएनए-1083 भी ऐसी ही उम्मीद जगा रहा है। अब तक 8,000 लोगों पर इसका परीक्षण किया जा चुका है।

दो समूहों में की गई टीके की जांच

मॉडर्ना की कोविड और इन्फ्लूएंजा के संयुक्त टीके एमआरएनए-1083 के तीसरे चरण की जांच में दो आयु समूहों के करीबन 8,000 लोगों को शामिल किया गया। समूहों में आधे 50 से 64 वर्ष की उम्र के वयस्क थे और बाकी आधे 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के थे। दोनों आयु समूहों को फिर से संयुक्त वैक्सीन एमआरएनए-1083 या नियंत्रण वाले समूह की वैक्सीन देने के लिए बांटा गया। नियंत्रण वाले समूह में कोविड और फ्लू वैक्सीन बेतरतीब तरीके से अलग- अलग दी गई थी।

सालाना 50 लाख लोग होते हैं गंभीर इन्फ्लूएंजा के शिकार

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर करीब 30 से 50 लाख लोग सालाना गंभीर इन्फ्लूएंजा का सामना करते हैं और लगभग 6,50,000 लोग इस बीमारी से मर जाते हैं। दुनिया भर में कोविड से 70 लाख से अधिक मौतें हुई हैं।

दो गुटों में झड़प के दौरान गोली चली, तीन की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका में टेक्सास के राउंड रॉक में शनिवार की रात को जूनटींथ उत्सव के दौरान गोलीबारी की गई। हमलावर में भीड़ पर गोली चलाई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस गोलीबारी में दो बच्चे समेत कम से कम छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों की हालत गंभीर है। राउंड रॉक पुलिस विभाग इस मामले की जांच कर रहे हैं।

पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी : पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, यह एक सक्रिय दृश्य है।

जांच जारी है। कृपया इस क्षेत्र में जाने से बचें। कानून प्रवर्तन और आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ता मौके पर मौजूद हैं। ऑस्टिन-ट्रैविस काउंटी ईएमएस घायलों को स्थानीय अस्पताल ले गए। ये सभी गंभीर रूप से घायल हैं।

पाकिस्तान में पुलिसकर्मी ने की दो वकीलों की हत्या

निजी कारणों से उठाया खौफनाक कदम

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अटक में एक पुलिसकर्मी द्वारा दो वकीलों को गोली मार देने की घटना सामने आई है। इसके पीछे का कारण व्यक्तिगत दुश्मनी बताई जा रही है। मृतकों की पहचान जिला बार अटक के पूर्व अध्यक्ष वकील इसरार अहमद और वकील जुल्फिकार मिर्जा के रूप में की गई।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को कथित तौर पर विशिष्ट बलों के एक एएसआई ने निजी दुश्मनी के चलते दो वकीलों को गोली मार दी। अटक पुलिस ने इस बारे में एक बयान जारी किया है।

इसमें कहा गया है कि एएसआई इंतिजार शाह इस बात से परेशान थे कि वकील अहमद के कारण उन्हें पारिवारिक अदालत में अपनी पत्नी को तलाक देना पड़ा।

हत्या की वारदात के बाद अटक के जिला पुलिस अधिकारी सरदार गियास गुल खान ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने एएसआई इंतिजार शाह को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा, अटक एलीट फोर्स के प्रभारी और एक मोहर्रर को लापरवाही और असावधानी के आरोप में हिरासत में लिया गया है। फिलहाल मामले में जांच जारी है।

कथित बेटी की सच्चाई छिपाने को लेकर फिर मुश्किल में इमरान

हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ एससी में याचिका

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कथित बेटी के नाम को छिपाने के आरोप में खान को अयोग्य ठहराने वाली मांग को लेकर याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पूर्व पीएम के खिलाफ 2018 के चुनाव में नामांकन के दौरान गलत जानकारी देने के आरोप में उनका नामांकन रद्द करने की मांग को लेकर इस्लामाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया था। अब याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत का रुख अपना है। बता दें, पूर्व पीएम इमरान खान के खिलाफ मोहम्मद साजिद नामक याचिकाकर्ता ने याचिका दायर की थी।

हाईकोर्ट से मिली थी राहत

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट से पहले याचिकाकर्ता ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, यहां से उसे निराशा हाथ लगी। इस मामले पर सुनवाई कर रही इस्लामाबाद हाईकोर्ट की तीन जजों की पीठ को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस आमेर फारुख ने भंग कर दिया था। बाद में नई पीठ ने याचिका पर सुनवाई कर उसे खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी ने पिछले साल दिए गए दो न्यायाधीशों की राय पढ़ी और फैसला सुनाया कि मामला पहले ही खारिज किया जा चुका है।

याचिका में लगाए गए ये आरोप

याचिका में कहा गया कि 71 वर्षीय इमरान खान ने 2018 के चुनाव के दौरान अपने नामांकन में अपनी कथित बेटी टायरिन के बारे में जानकारी नहीं दी थी। इमरान खान की पार्टी ने 2018 के चुनाव में जीत दर्ज की थी और उसके बाद इमरान खान ने अगस्त 2018 से लेकर अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में काम किया था। याचिकाकर्ता का आरोप है कि इमरान खान ने अपने नामांकन में गलत जानकारी दी। इमरान ने अपने हलफनामे में सिर्फ अपने दो बेटों का जिक्र किया, लेकिन तीसरी संतान टायरिन का जिक्र नहीं किया।

याचिकाकर्ता मोहम्मद साजिद ने अपने वकील साद मुमताज हाशमी के माध्यम से शनिवार को सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दलील दी कि इस्लामाबाद हाईकोर्ट की पीठ ने तीन में से दो न्यायाधीशों की सहमति वाली राय को अदालती फैसला मानने में गलती की है। उसका कहना है कि खान ने मियांवाली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते समय अपनी बेटी के बारे में नहीं बताया था। केवल अपनी पत्नी बुशरा बीबी और विदेश में रहने वाले दो बेटों कासिम खान और सुलेमान खान के बारे में जानकारी दी थी।

ब्रिटेन व श्रीलंका में मनाया गया योग कार्यक्रम

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले दुनियाभर के देशों में योग कार्यक्रम हो रहे हैं। ब्रिटेन और श्रीलंका में योग को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग ने ट्राफलगर चौक पर तो श्रीलंका के पूर्वी प्रांत के गवर्नर सेंथिल थोंडमन ने त्रिंकोमाली में एक योग कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

पांच हजार लोग हुए शामिल

श्रीलंका के त्रिंकोमाली के गवर्नर सेंथिल थोंडमन ने 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया। इसमें पांच हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। बता दें, 2014 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसे अपनाने के बाद 2015 से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को दुनिया भर में मनाया जाता है।

700 से अधिक लोगों ने भाग लिया : भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने कहा, 'लंदन के ट्राफलगर चौक पर 700 से अधिक लोगों का आना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। इसके चारों ओर प्रतिष्ठित प्रतिमाएं हैं। निश्चित रूप से, कई योग विद्यालय यहां आए और योग के अभ्यास में हमारा नेतृत्व किया।' इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि लंदन में हुए कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने का कहना है कि योग सभी को एकजुट करता है और योग सभी के लिए है।

संयुक्त राष्ट्र ने किया आगाह, कहा- हिजबुल्ला और इस्राइल सेना के बीच हो सकता है भयंकर युद्ध

गाजा। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने शनिवार को चेतावनी दी है कि लेबनान की दक्षिण सीमा पर गलत आकलन करना बहुत घातक हो सकता है। जिससे हिजबुल्ला और इस्राइल सेना के बीच भयंकर युद्ध की संभावना है। लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस-प्लास्चर्ट और संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के प्रमुख अरोल्डो लाजारो ने कहा कि वे लेबनान की सीमा पर को लेकर काफी चिंतित हैं।

ईरान समर्थित हिजबुल्ला ने पिछले सप्ताह रॉकेटों और ड्रोनों से कापी बमबारी की। गाजा में युद्ध के अलावा हिजबुल्ला पिछले आठ महीनों में हिजबुल्लाह गाजा युद्ध के साथ ही इस्राइली सेना के साथ गोलाबारी कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के दोनों अधिकारियों ने शनिवार को एक

आठ महीनों से दोनों के बीच चल रही गोलाबारी

लिखित बयान में कहा, ₹गलत अनुमान के कारण अचानक और व्यापक संघर्ष होने का खतरा बहुत ज्यादा है।₹

बातचीत से नहीं निकल सका है समाधान

संयुक्त राज्य अमेरिका और फ्रांस लेबनान की दक्षिणी सीमा पर लड़ाई खत्म करने के लिए लगातार बात कर रहे हैं। लेकिन हिजबुल्ला का कहना है कि जब तक इस्राइल सेना गाजा से वापस नहीं जाती है, वो गोलीबारी बंद नहीं करेगा।

इस्राइल और हमास के बीच बीते आठ महीनों से भीषण जंग जारी है। युद्ध विराम के तमाम प्रयास नाकाम साबित हो रहे हैं। इस बीच, दक्षिण गाजा में इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) पर सबसे बड़ा हमला हुआ। इस हमले में आईडीएफ के आठ जवानों के मारे जाने की खबर है। दूसरी ओर, आईडीएफ ने राफा में और उसके आसपास कई इलाकों में हमले किए। जिसमें कम से कम 19 फलस्तीनी मारे गए।

वहीं, इस्लामिक जिहाद की सशस्त्र शाखा अल-कुद्स ब्रिगेड ने कहा कि इस्राइल गाजा से अपने बंधकों को तभी ले जा सकता है, जब वह युद्ध को खत्म करे और गाजा पट्टी से अपने बलों को हटाए। अल-कुद्स ब्रिगेड के एक प्रवक्ता ने टेलीग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में यह टिप्पणी की। इस्लामिक जिहाद हमास का सहयोगी, जिसने सात अक्तूबर को दक्षिण इस्राइल में हमले का नेतृत्व किया था, जिसमें 12,00 इस्राइली मारे गए थे और 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया था।

न्यू जर्सी में बवंडर ने मचाई तबाही, कई जगह भूस्खलन, कारें पलटीं और पेड़ उखड़े

वाशिंगटन। न्यू जर्सी में शुक्रवार को भारी बारिश और हवाओं के साथ भीषण तूफान आया। वहीं, मर्सर काउंटी में भूस्खलन के बाद आए बवंडर ने बड़ी तबाही मचाई।

बवंडर की वजह से पेड़ टूटे

राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, लॉरेंस टाउनशिप में कोनोको गैस स्टेशन के पास 80 मील प्रति घंटे की गति से बवंडर आया। बवंडर की वजह से पेड़ टूट गए, जिनमें से एक पेट्रोल स्टेशन पर जा गिरा। वहीं एक डाकघर की पार्किंग में खड़ी कई कारें पलट गईं। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि बवंडर शाम पांच बजकर 59 मिनट से छह बजे के बीच आया। यह करीब 210 मीटर तक फैला और अधिकतम चौड़ाई 55 मीटर थी।

क्या है भूस्खलन बवंडर?

भूस्खलन बवंडर थोड़े अलग होते हैं। वह ऊपर से घूमते हुए गरज के साथ विकसित होने के बजाय जमीन से ऊपर की ओर बनते हैं। उनका छोटा आकार और मानक रडार रेंज से नीचे की संरचना के कारण अक्सर उनका पूवार्नुमान लगाना और उनका पता लगाना कठिन हो जाता है।

इसलिए आया बवंडर

अधिकारियों के अनुसार, बवंडर के लिए जिम्मेदार चक्र, पेंसिल्वेनिया के बक्स काउंटी में तूफानों के कारण चली हवाओं और पूर्व दिशा से आने वाली समुद्री हवा के टकराव के कारण उत्पन्न हुआ था। मौसम की यह घटना ऐसे समय में हुई है, जहां अगले सप्ताह के लिए हीटवेव का अनुमान लगाया गया था।

योग और प्राणायाम के बिना शरीर को स्वस्थ व निरोगी बनाना मुश्किल है: नरेंद्र कश्यप

गाजियाबाद, करंट क्राइम। 15 जून से 21 जून तक मनाए जाने वाले योग सप्ताह के द्वितीय दिवस पर रविवार को राजनगर के सेंट्रल पार्क में जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम का प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक सफल आयोजन किया गया। दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर किये जाने वाले योग सप्ताह कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों सहित बहुत से लोगों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने योग की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि दैनिक जीवन में यदि योग को अपना लिया जाए तो तमाम रोगों से स्वतः ही बचाव संभव है। श्री कश्यप ने अपने बारे में बताया कि वह स्वयं विगत 22 वर्षों से तमाम व्यस्तता के बाद भी दैनिक रूप से योग करते हैं, यही कारण है कि उनके शरीर में आज तक कोई रोग नहीं पनप सका है। नरेंद्र कश्यप ने बताया कि राजनीतिक व्यस्तता के बाद भी वह एक दिन के लिए योग से समझौता नहीं करते हैं। उन्होंने अपने परिजनों के अलावा आमजन को भी योग के प्रति निरंतर जागरुक किया है।

रविवार को योग सप्ताह के द्वितीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को प्रसिद्ध एवं ख्यातिलब्ध योगाचार्य यश पाराशर ने निर्धारित योग प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास कराया। योगाचार्य यश पाराशर के सहायक के रूप में योग प्रशिक्षिका वंदना मिश्रा, योग प्रशिक्षक गीतक सिद्धू ने अपना पूरा योगदान प्रदान किया। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग के समस्त चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इस मौके पर योगाचार्य यश पाराशर ने जानकारी देते हुए बताया कि योग और प्राणायाम के बिना शरीर को स्वस्थ व निरोगी बनाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि अगर नित्यप्रति योग को अपनाया जाये तो लोगों को छोटे ही नहीं बड़े से बड़े रोग छू भी नहीं सकते।

कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ० अशोक कुमार राना ने उपस्थित अतिथियों एवं योग साधकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया।

पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने चलाया 'मेरा वार्ड, सबसे साफ' अभियान

साहिबाबाद,करंट क्राइम। इंदिरापुरम के वार्ड 98 के पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने जीडीए कर्मचारियों व आरडब्ल्यूए के लोगों के साथ सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड नंबर 98 की शिप्रा सृष्टि व कृष्णा अपरा सोसायटियों में सफाई अभियान चलाया गया। पार्षद डॉ. अनिल तोमर के अनुसार यह अभियान अब लगातार चलेगा। वार्ड में चल रहे सफाई अभियान की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। सफाई कार्य में किसी तरह की ढिलाई न बरती जाए इसके लिए वार्ड के पार्षद डॉ. अनिल तोमर खुद मौके पर झाड़ू लेकर सफाई कर्मचारियों के साथ रहे। उन्होंने बताया कि पहले भी वार्ड 98 में सफाई अभियान चलाया हुआ है। रविवार को फिर से सफाई अभियान चालू किया गया है ये चलता रहेगा। अभियान के दौरान कई ट्रॉली कूड़ा उठाया गया। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि पूरा देश स्वच्छता अभियान को अपनाए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, आरडब्ल्यूए कर्नल राकेश रघुवंशी, डॉ. लीना तोमर, सुषमा गंगवार, अंजू सिन्हा, सन्दीप, देवाशीष दत्त, धीरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास

उत्तर प्रदेश को देश का आईटी हब बनाने की तैयारी

साहिबाबाद,करंट क्राइम। प्रदेश के आईटी एण्ड इलैक्टोनिक्स कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपनी विधायक निधि एवं अन्य संस्थाओं के अन्तर्गत अपने विधानसभा क्षेत्र में 870.465 लाख की लागत से कॉलोनियों में सडकें, इण्टरलॉकिंग टाइल्स से गलियों, नालियों, 1349 बैंच एवं 13 ओपन जिम के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की डबल इंजन सरकार में विकास के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। इसी क्रम में साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में भी विकास की एक नई गाथा लिखी गई है।

प्रदेश के आईटी मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार उत्तर प्रदेश को देश का आईटी हब बनाने की तैयारी में है। विप्रो, टीसीएस, माइक्रोसॉफ्ट व आईआईटी कानपुर व आईआईएम लखनऊ मिलकर इसके लिए एक रोड मैप तैयार करेंगे। प्रदेश की सरकार राज्य के आईटी व आईटीईएस इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के साथ-साथ राज्य को एक प्रमुख प्रौद्योगिकी केंद्र में प्रतिष्ठित करेगी। आईटी सैक्टर में निवेश व उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निर्यात के लिए संभावित बाजारों की पहचान की जायेगी, आईटी सेक्टर निजी क्षेत्र में महिलाओं के लिए रोजगार प्रदाता माना जाता है। अब आईटी सिटी, आईटी पार्क्स तथा आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस, ब्लाकचेन बिग डाटा को बढ़ावा दिया जायेगा। प्रदेश को आईटी सैक्टर में 17 से अधिक दिग्गज कंपनियां बढ़ाने में सहयोग करेंगी जैसे कि एडवर्ब टेक्नालॉजी, कोफ्रोज, ईएसआरआई, एचसीएल, मदरसन सुमी इंफोटेक डिजाइन, वन 97 कम्प्युनिकेशन, आरएमएसआई, सोपरा स्टीरिया, टीसीएस, टेक महिंद्रा, जेनपैक्ट, माइक्रोसोफ्ट कारपोरेशन कंपनियां हैं इससे आईटी आधारित सर्विस सेक्टर बढ़ाकर युवाओं को रोजगार पर सरकार का फोकस होगा।

अगले दो दिन तक लगातार तापमान बढ़ने के साथ गर्मी में होगी बढ़ोत्तरी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भीषण गर्मी की मार लगातार जारी है। रविवार को सुबह से ही काफी तेज धूप रही। दिनभर लू चलती रही। न्यूनतम तापमान बढ़ने की वजह से रात में भी काफी ज्यादा गर्मी रही। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन लगातार तापमान बढ़ने के साथ गर्मी भी बढ़ेगी।

बीते कई दिन से लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के बाद शुक्रवार को दोपहर में बूंदाबांदी हुई। तो गर्मी से कुछ देर के लिए राहत रही। दिनभर आसमान में हल्के बादल मंडराते रहे, जिससे कभी तेज धूप तो कभी छाया रही। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। हफ्तेभर से लगातार भीषण गर्मी की मार जारी है। दिनभर तेज धूप में लू के थपेड़ों में लोग गर्मी से बेहाल रहे। लोग कपड़े ढंककर खुद को लू व धूप से बचाने का प्रयास करते दिखे।

रविवार रात रही सबसे ज्यादा गर्म

न्यूनतम तापमान लगातार बढ़ने की वजह से रात भी रविवार को सबसे ज्यादा गर्म रही। न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा अधिकतम 19 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। वातावरण में आर्द्रता 19 प्रतिशत दर्ज की गई।
सोमवार को तापमान बढेगा। अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। गर्म हवा अधिकतम 24 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी। वातावरण में आर्द्रता 20 प्रतिशत रह सकती है।

गंगनहर में नहाते समय किशोर डूबा तलाश जारी

मुरादनगर, करंट क्राइम। नगर क्षेत्र स्थित गंगनहर में नहा रहा 17 वर्षीय एक किशोर डूब गया। गोताखोर किशोर की तलाश में लगे हुए हैं। गाजियाबाद के नुसरतपुरा घंटाघर निवासी श्याम कुमार का 17 वर्षीय पुत्र तुषार अपने दोस्तों के साथ मुरादनगर नहर में नहाने के लिए रविवार को आया था। वह नहाते हुए गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। अपने आप को डूबता देखकर उसने शोर भी मचाया। काफी प्रयास के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका और वह बह गया। पीएसी के गोताखोर किशोर की तलाश में लगे हुए हैं।

पोल पर काम करते समय लाइनमैन का हेल्पर गिरा, हालत गम्भीर

साहिबाबाद,करंट क्राइम। थाना लिंक रोड क्षेत्र में अम्बिका स्टील के सामने लाइन पर लाइनमैन का हेल्पर रविवार को विद्युत पोल पर काम करते वक्त अचानक झटके से नीचे गिर गया। पोल से नीचे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए वैशाली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महाराजपुर में बने 132 केवीए से जाने वाली लाइन विद्युत आपूर्ति उप केंद्र फीडर की जा रही है। इसी लाइन से क्षेत्र की बिजली सप्लाई की जाती है। यहां मरम्मत के लिए लाइनमैन के हेल्पर रखे गए हैं। दिनेश अम्बिका स्टील के सामने फीडर पर काम रहा था तभी अचानक लाइन चालू की गई वह पोल से नीचे गिर गया। आनन फानन में नीचे खड़े अन्य लाइनमैनों ने मौके से दिनेश को उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। अधीक्षण अभियंता अखिलेश सिंह ने बताया कि अंबिका स्टील के सामने घटना हुई जिसमें एक हेल्पर घायल हुआ जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है इस मामले में जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई जाएगी।

बृज विहार में दशहरा पर्व पर किया शरबत वितरण

साहिबाबाद,करंट क्राइम। बृज विहार की श्रीराधा माधव समिति द्वारा भीषण गर्मी में 1100 लीटर शरबत वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्तिक त्यागी ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पार्षद शशि खेमका, पूर्व पार्षद पूनम त्यागी, अजय त्यागी, महानगर कार्यकारिणी सदस्य बॉबी त्यागी, देवेंद्र शर्मा, निर्मला सिन्हा, विपिन त्यागी, सुभाष राणा, विनोद पंत, विक्रम चौधरी, ब्रजेश सिंह, प्रभा देवी, पूनम बिष्ट, पुष्पा नौटियाल, कार्तिक त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

जल संकट से पहले ही हमें उठाने हैं जल बचाने को कदम

पहल होगी खुद से तो नहीं खत्म होगा धरती का ये जल

गाजियाबाद, करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सहकारिता क्रय विक्रय समिति के चेयरमैन वीरेन्द्र सारस्वत जल सरंक्षण को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने नगर निगम से भी ये अनुरोध किया कि गर्मी के मौसम में वाहनों की धुलाई और रैम्प की धुलाई में जो जल नष्ट हो रहा है उस पर प्रतिबंध लगाया जाये। इसके अलावा वाटर पार्क जैसे स्थानों में जल के दुरूपयोग को लेकर सरकार को कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हम अभी नहीं जागे तो हमारा हाल भी दक्षिण अफ्रिका की राजधानी कैप्टाउन जैसा होगा। हमें जल को लेकर एक जागृति पैदा करनी ही होगी। कल हमारी पीढ़ी के लिए जल का संकट पैदा हो उससे पहले हमारी ये नैतिक जिम्मेदारी है कि हम जल संरक्षण को लेकर कदम उठायें। उन्होनें कहा कि प्रत्येक व्यक्ति इस मानूसन में कम से कम पांच पेड़ लगाये और भूमिगत जल संरक्षण के लिए काम करे। वीरेन्द्र सारस्वत ने कहा कि वह जल्द ही इस मामले में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और ये अनुरोध करेंगे कि प्रत्येक जिले में जल संरक्षण समिति का गठन किया जाये। उन्होंने जल सरंक्षण के एक मॉडल को भी प्रदर्शित किया और कहा कि देहात से लेकर शहर तक जहां भी हैंडपम्प लगाये जा रहे हैं वहां यदि इस तरीके के मॉडल बनाये जायें तो यह जल संरक्षण में एक पहल होगी। उन्होंने कहा कि अब वो समय आ गया है जब जल बचाने के लिए हमें एक जुट होकर काम करना होगा। जो लोग जल का दुरूपयोग कर रहे हैं उन्हें रोकना होगा। सबसे बड़ी बात ये है कि जल संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर जनजागृति अभियान सरकार और प्रशासन स्तर पर चलाया जाये।

कौशांबी में गंगा दशहरा पर बांटा शरबत

साहिबाबाद,करंट क्राइम। कौशांबी स्थित गंगा टावर महिला मंडल द्वारा गंगा दशहरा के अवसर पर मीठे पानी का शरबत और फल वितरित किए गए। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा वितरण में सहयोग किया गया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में कई घण्टे शरबत वितरण कार्यक्रम चला जिसमें सैकड़ों लोगों ने शरबत पिया। इस अवसर पर नीता जैन, सरिता गुप्ता, अनीता जैन, दीप्ति जोशी, एन अग्रवाल, जयपुरिया के अध्यक्ष केएल सचदेवा, प्रीती रस्तोगी, रिचा, श्वेता, पूनम, शिल्पा, साधना मित्तल, नीरा अग्रवाल, किरण मेहता, उर्वी, हंस देवी, नीलम गोपाल, गोपाल वधावन, योगेश गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

गाजियाबाद हैण्डलूम क्लस्टर
MSME MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम
csDISHAA FOUNDATION
गाँव में आयोजित होने वाले कैम्प हेतु विज्ञापन
गाजियाबाद हैण्डलूम क्लस्टर के द्वारा गाँव में आयोजित होने वाले कैम्प हेतु भोजन टैन्ट आदि की व्यवस्था कराने हेतु सम्पर्क करें।
- फोन नं० -
9315042904
(खसरा नं० 213 ग्राम सादत नगर इकला नियर पैरामाउन्ट स्कूल पिन कोड़ - 201015)

100 इंसानों की रगों में बह रहा है सुधीर गोयल मोनू का रक्त

गाजियाबाद के रक्तवीर ने लगाया है रक्तदान का शतक

गाजियाबाद, करंट क्राइम। दूसरों की रगो में बहकर जीने का एक अलग मजा है क्योंकि ये आपका रक्त है जो किसी दूसरे की जिंदगी को बचाता है। कोई आपके रक्तदान से जीवन पाता है। गाजियाबाद के सुधीर गोयल मोनू एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने रक्तदान करने का शतक लगाया है।

गोविन्दपुरम अनाजमंडी के महामंत्री और कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े सुधीर गोयल मोनू के बारे में ये कहा जाये कि ये एक अकेले ऐसे इंसान हैं जिनका रक्त 100 इंसानों की रगो में बह रहा है तो कोई बड़ी बात नहीं होगी। सुधीर गोयल मोनू ने अंतरराष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर अपने इस लक्ष्य को पूरा किया। उन्होंने जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान कर ब्लड डोनेशन की सेंचूरी लगायी।

गाजियाबाद के रक्तवीर सुधीर गोयल मोनू ने जब इस लक्ष्य को पूरा किया तो जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी भवतोष शंखधर, विश्वबंधु परिषद के आलोक गर्ग, डॉ ओपी अग्रवाल, विपिन गोयल, संजीव मित्तल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सुधीर गोयल मोनू ने ये एक मिसाल कायम की है और वो उन लोगों के लिए उस समय मदद दूत बने हैं जब उनके सामने जीवन मरण का प्रश्न था। जब रक्त सबसे बड़ी जरूरत थी और ऐसे में सुधीर गोयल मोनू का रक्त उनके जीवन बचाने में काम आया है। सुधीर गोयल मोनू रक्तदान सेवा के साथ साथ समाज सेवा के कामों में भी अग्रणी रहते हैं। वो कई समाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। उनका कहना है कि रक्तदान से बड़ा कुछ नहीं होता क्योंकि आपका रक्त उस समय किसी का जीवन बचाने के काम आता है जब जीवन और मृत्यु का प्रश्न सामने आता है। सबसे बड़ी बात ये है कि ये इंसानियत का सबसे बड़ा संदेश है।

मोदीनगर में 5वीं की छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास

बहलाकर अपने घर ले गया था पड़ोसी, किसी से बताने पर मारने की धमकी दी

मोदीनगर, करंट क्राइम। मोदीनगर में 5वीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। छात्रा ने इसकी जानकारी अपनी मां को दी तो परिजनों ने मोदीनगर थाने में आरोपी पड़ोसी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मोदीनगर इलाके के एक गांव में पूरा परिवार रहता है। उनकी नौ साल की पुत्री कक्षा पांच की छात्रा है। काफी समय से उनकी पुत्री गुमसुम सी रहने लगी। वह कम खा रहा थी और हर समय अकेले ही रहती थी। कई दिन से परिजन छात्रा पर नजर रख रहे थे। इतना ही नहीं छात्रा अकेले में रोती भी थी। शुक्रवार शाम को मां ने छात्रा ने गुमसुम रहने का कारण पूछा तो वह रो पड़ी। छात्रा ने अपनी मां को बताया कि 10 दिन पहले पड़ोस में रहने वाले अंकल मुझे अपने घर ले गए। उन्होंने मेरे कपड़ उतार दिए और अश्लील हरकत की। उन्होंने धमकी दी कि यदि यह बात किसी को बताई तो जान से मार दूंगा। पूरी घटना सुनने के बाद परिजन मोदीनगर थाने पहुंचे और तहरीर दी।

पुलिस ने कराया मेडिकल

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बच्ची का मेडिकल करा दिया गया है। जल्द ही उसके मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए जाएंगे।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पिता है तो सब खिलौने अपने हैं , पिता है तो सारे सपने अपने हैं। पिता एक बेटी के लिए हमेशा से उसका स्वाभिमान होते हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी लक्ष्मी सिंह चौहान ने अपने जीवन में अपने पिता के स्थान को अपने शब्दों में व्यक्त किया। पिता के साथ जिंदगी आसान ,पिता के बिना जिंदगी वीरान। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।